नई दिल्ली
गुरुवार, 1 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 16
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 26

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सरकार के फैसले से पहले इंडियन आर्मी ने जारी किया नया वीडियो

# लॉक्ड, लोडेड और रेडी



देश में एलओसी से लेकर दिल्ली तक इस वक्त हलचल तेज है। दिल्ली में आज बहुत बड़े फैसले का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फुल एक्शन में हैं। पीएम मोदी ने बुधवार को सीसीएस समेत 4 मीटिंग की। भारत सरकार के फैसले से पहले इंडियन आर्मी ने शेष पेज 5 पर

### पाकिस्तान में खौफ का माहौल

*उधर, पाकिस्तान की टेंशन बढ़ती जा रही है। इस्लामाबाद में खौफ का माहौल है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत 24 घंटे के अंदर उसपर हमला कर सकता है। भारत के संभावित हमले से बौखलाया पाकिस्तान सरहद पर अंधाधुन फायरिंग कर रहा है।*

पहलगाम हमले के बाद सरकार का बड़ा फैसला, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव

# रॉ के पूर्व चीफ आलोक जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पाकिस्तान के साथ भारत के तनाव के बीच भारत ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव किया है। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बोर्ड में छह और सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

इसमें पूर्व पश्चिमी वायु कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मॉन्टी खन्ना सैन्य सेवाओं से रिटायर्ड अधिकारी को शामिल किया गया हैं। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य हैं। सात सदस्यीय बोर्ड में बी. वेंकटेश वर्मा सेवानिवृत्त शेष पेज 5 पर

बोर्ड में छह और सदस्यों को भी शामिल किया गया, पीएम मोदी द्वारा उनके आवास पर बुलाई गई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में ये फैसला लिया गया

**बोर्ड में सैन्य, पुलिस और कूटनीतिक विशेषज्ञ शामिल**

**माना जा रहा है कि पहलगाम पर पलटवार का फाइनल ब्लू प्रिंट तैयार हो चुका**



### कौन हैं आलोक जोशी?

आलोक जोशी भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख हैं, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया मामलों में गहरी विशेषज्ञता हासिल है। आलोक जोशी ने 2012 से 2014 तक रॉ के प्रमुख के रूप में कार्य किया और अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनों का नेतृत्व किया। वह एक अनुभवी खुफिया अधिकारी हैं, जिन्होंने भारत की सुरक्षा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।

### क्या है एनएसएबी?

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) में सरकार के बाहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं, जिसमें मुख्य कार्य राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को एक विश्लेषण प्रदान करना तथा उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों के लिए समाधान और नीति विकल्पों की सिफारिश करना है।

### पहलगाम हमले के बाद हाई लेवल मीटिंग

घातक पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई। इसके बाद राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए), आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की बैठक हुई। एक पूर्ण कैबिनेट की बैठक हुई।

### सीमा से सटे इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम लगाएगी पंजाब सरकार

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पंजाब सरकार ने इंटरनेशनल बॉर्डर से सटे अपने इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने का फैसला किया है। पंजाब सरकार की तरफ से कहा गया कि वह राज्य के पाकिस्तानी से सटे इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात करने जा रही है। इसके लिए पाकिस्तान द्वारा साजिश के तहत भेजे जानी वाले हथियारों और ड्रग्स पर नकेल कसी जा सकेगी। पंजाब सरकार ने कहा कि उनके द्वारा जो एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा, वह पाकिस्तानी शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 100 बिलियन डॉलर क्लब में अंबानी की हुई वापसी



**नई दिल्ली।** मिड-मार्च में विदेशी निवेशकों द्वारा नए सिरे से निवेश और ग्लोबल ट्रेड टेंशन के कम होने के चलते, भारतीय अरबपतियों की कुल नेटवर्थ में जमकर इजाफा हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी की दौलत 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है और उन्हें दुनिया के 100 बिलियन डॉलर क्लब में एंट्री मिल गई है।

### ई-केवाईसी दिव्यांगों के लिए आसान बनाएं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने समावेशिता के अधिकारों को बरकरार रखते हुए बुधवार को डिजिटल केवाईसी दिशा-निर्देशों में बदलाव का निर्देश दिया ताकि दृष्टिबाधित और तेजाब हमले के पीड़ितों को बैंकिंग सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं समेत अन्य सेवाओं तक पहुंच मिल सके।

### गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले



**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं दर्शन के लिए खोल दिए गए। अब छह माह तक गंगोत्री धाम मां गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10:30 बजे के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की गई।

# बिहार चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मास्टर स्ट्रोक' जातिगत जनगणना को मिली केंद्र की मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बिहार चुनाव से पहले मोदी सरकार ने वो फैसला लिया जिसके व्यापक चुनावी असर की संभावनाएं हैं। जातिगत जनगणना लागू करने का फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने किया तो सहसा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जीतन राम मांझी जैसे पक्ष और राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव जैसे विपक्षी नेता सब अचंभित हो गए। विपक्षी नेताओं के पास कहने को जैसे कुछ बचा ही न हो। सभी ने एकसुर में केंद्र सरकार के इस फैसले का समर्थन किया। अलबत्ता, श्रेय लेने की होड जरूर मच गई। मगर सच ये भी है कि प्रधानमंत्री के मास्टर स्ट्रोक ने विपक्ष के सबसे बडे राजनीतिक मुद्दे को उनसे छीन लिया।



### बिहार में जातिगत सर्वे का हुआ विरोध अब लागू होगा जनगणना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले जातिगत सर्वे कराया। उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकुल रोहतगी और तुषार मेहता जैसे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील पटना हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लडे, इससे 'नकाबी' याचिकाकर्ता का पता चलता है। खुद प्रधानमंत्री सहित भाजपा के कई नेता जातिगत जनगणना को लेकर सहज नहीं थे, यही वजह है कि केंद्र सरकार के इस फैसले से विभिन्न दलों में अचरज और खुशी दोनों है। बहरहाल, पिछडा वर्ग से आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संबंध में फिलवक्त सारा श्रेय लूट लिया।

### इसे कहीं पॉलिकटकल टूल की तरह इस्तेमाल न हो?

समाजशास्त्री डॉ. अरुण पाणिग्रहि का मानना है, मोदी सरकार का जातिगत जनगणना को मंजूरी देना एक महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसला है, जिसे विपक्ष अपनी जीत के रूप में देख रहा है, जबकि सरकार इसे सामाजिक समावेशिता और नीति निर्माण के लिए जरूरी कदम बता रही है। उन्होंने कहा, यह फैसला सामाजिक, राजनीतिक, और प्रशासनिक स्तर पर कई बदलाव ला सकता है। हालांकि, इसके कार्यान्वयन में कई चुनौतियां हैं, जैसे डेटा की सटीकता, सामाजिक तनाव की संभावना, और संसाधनों की जरूरत। आने वाले वर्षों में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह फैसला भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को कैसे प्रभावित करता है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन, लंबे समय से जातिगत जनगणना की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बना रहे थे। विपक्ष इसे अपनी बड़ी राजनीतिक जीत के रूप में देख रहा है, जबकि सरकार इसे सामाजिक समानता और नीति निर्माण के लिए जरूरी कदम बता रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारें कई बार ऐसे फैसले राजनीतिक हित साधने के लिए भी करती हैं। जैसे कांग्रेस पार्टी ने महिला आरक्षण राज्यसभा से पास कराया लेकिन आजतक उसे लोकसभा से पास कराकर लागू नहीं किया गया।

### राहुल गांधी ने मोदी सरकार का किया शुक्रिया



कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार का धन्यवाद देते हुए, फैसले का समर्थन करते हुए पूछा कि जातिगत जनगणना कब तक होगीऔर उसका डिजाइन क्या होगा? उन्होंने बिहार और तेलंगाना मॉडल की बात की। उसमें तेलंगाना मॉडल को बेहतर बताते हुए कहा कि सरकार चाहे तो कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना के डिजाइन मदद कर सकती है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि अब जल्द से जल्द जातिगत जनगणना के लिए बजटीय प्रावधान केंद्र सरकार करे और जल्द से जल्द इस फैसले को लागू करे ताकि समाज के वंचितों की गिनती हो सके। उन्हें सामाजिक न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 50 फीसदी आरक्षण के कृत्रिम दीवार को भी तोडने के लिए कृतसंकल्प है। केंद्रीय कैबिनेट ने फैसला लिया कि आगामी जनगणना जो 2021 में कोविड-19 के कारण टल गई थी उसी में जातिगत आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ-साथ होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय और संसाधनों के समान वितरण के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने अपनी सरकारों के दौरान जातिगत जनगणना का विरोध किया था, जबकि मोदी सरकार ने इसे स्वीकार कर विपक्ष का मुद्दा छीन लिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जातिगत आंकड़े सामाजिक-आर्थिक योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। यह विशेष रूप से ओबीसी और अन्य समुदायों के लिए आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में उपयोगी होगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस ने 1947 के बाद से जातिगत जनगणना का विरोध किया, जबकि मोदी सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया।

संसद के विशेष सत्र की हो सकती है घोषणा

# पहलगाम में आतंकी हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष की थी मांग



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उम्मीद की जा रही है कि विपक्षी दलों की एक और मांग पर केंद्र सरकार विचार कर मान लेगी। पहलगाम में हिंदूओं के नरसंहार पर विपक्षी नेताओं ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद के विशेष सत्र की मांग की है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा के बाद निर्णय संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू पर छोड़ा गया। सूत्रों का मानना है कि लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा के सभापति से चर्चा के बाद जल्द ही संसदीय विशेष सत्र की घोषणा की जा सकती है। बुधवार को एक के बाद एक तीन कैबिनेट कमेटी की बैठकें हुईं। जिनमें पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान तनाव और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी, देश की राजनीतिक हालातों पर कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स के साथ बैठक और केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक अलग से। ये पहली बार है शेष पेज 5 पर

### चर्चा के प्रमुख बिंदु:

- पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा। 22 को हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे, और भारत ने इसके लिए लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया था।
- राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में सामने आए सबूत, जिसमें हमले में पाकिस्तान के पूर्व सैन्य कमांडर हाशिम मूसा की भूमिका का दावा किया गया। लश्कर के मुखिया हाफिज सईद और उप्टी कमांडेंट सैफुल्लाह के नामों पर जीरो-इन किया गया।
- दो दिनों से एलओसी पर पाकिस्तान द्वारा लगातार छह रातों से की जा रही गोलीबारी (28-29 अप्रैल की रात को कुपवाड़ा, बारामूला, और अखनूर सेक्टर में उकसावे की कार्रवाई)।
- 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा सशस्त्र बलों को दी गई पूर्ण ऑपरेशनल स्वतंत्रता के तहत जवाबी कार्रवाई की योजना।

**फैसले:**

- विशिष्ट फैसलों का सार्वजनिक विवरण उपलब्ध नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि सैन्य कार्रवाई को और मजबूत करने और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के लिए अतिरिक्त संसाधन आवंटित किए गए।
- पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक दबाव बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ समन्वय पर जोर।

पाक सेना की गोलीबारी पर भारतीय सैन्य अधिकारी ने जताई नाराजगी

# पहलगाम हमले के बाद पहली बार हुई भारत-पाक डीजीएमओ के बीच बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हॉटलाइन पर बातचीत हुई। जिसमें भारत की तरफ से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष को चेतावनी भरे लहजे में बीते



करीब सप्ताह भर से अधिक समय से बिना किसी उकसावे के पाक सेना द्वारा भारतीय सेनाओं की चौकियों पर की जा रही गोलीबारी को लेकर सख्त नाराजगी जताई। सूत्रों ने बताया कि 22 अप्रैल को हमले शेष पेज 5 पर

### पाकिस्तानी झूठ का किया पर्दाफाश

उधर, हमले के बाद से दोनों देशों के बीच बने हुए तनावपूर्ण हालात में कई पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल पर दी जा रही झूठी और भ्रामक जानकारी का भारत ने पीआईबी फैक्ट चेक के जरिए पर्दाफाश किया है। एक जानकारी में पाक हैंडल ये दावा कर रहे थे कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने सेना की जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली उत्तरी शेष पेज 5 पर

आंध्र प्रदेश में बड़ा हादसा

# नरसिम्हा स्वामी मंदिर की दीवार गिरी, 8 की मौत



**विशाखापत्तनम।** आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में श्री वरहलक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में चंदनोत्सवम उत्सव के दौरान बुधवार सुबह एक अस्थायी ढांचे का 20 फुट लंबा हिस्सा ढह जाने से 8 लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। एसडीआरएफ और एफडीआरएफ की टीमें तलाशी और बचाव अभियान जुट गईं। एसडीआरएफ के एक जवान के ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 2.30 बजे हुई। जिस समय दीवार गिरी उस दौरान भारी बारिश हो रही थी। आंध्र शेष पेज 5 पर

जम्मू-कश्मीर के समग्र सुरक्षा हालात की प्रधानमंत्री ने की व्यापक रूप से समीक्षा

# पहलगाम आतंकी हमले के बीच पीएम की अध्यक्षता में हुई सीसीएस-सीसीपीए की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार पूरे एक्शन मोड में है। राजधानी में भी हाई प्रोफाइल बैठकों का सिलसिला जस का तस जारी है। इसी के तहत बुधवार को सात लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) और राजनीतिक मामलों की समिति (सीसीपीए) की दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि इन बैठकों के दौरान प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के मौजूदा सुरक्षा हालात की समग्र रूप से व्यापक समीक्षा की गई। यह दोनों बैठकें केंद्र के आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने को लेकर बने हुए राष्ट्रीय संकल्प के बीच बीते मंगलवार को पीएम की अध्यक्षता में हुई उच्च-स्तरीय बैठक में तीनों सेनाप्रमुखों को जवाबी सैन्य कार्रवाई को लेकर दिए गए खुली रणनीतिक छूट के निर्देश के ठीक अगले दिन हुई हैं। पहलगाम हमले में शेष पेज 5 पर

### पहली सीसीएस बैठक के निर्णय

सीसीएस की पहली बैठक के बाद विदेश मंत्रालय में हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ की गई कूटनीतिक स्ट्राइक के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि सीसीएस ने पाकिस्तान के खिलाफ जो अहम निर्णय लिए हैं। उनमें भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित किया है, भारत में शेष पेज 5 पर

# एसीबी ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ दर्ज किया भ्रष्टाचार का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने पूर्व सरकार के मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। इन पर 12,748 कक्षाओं के निर्माण में दो हजार करोड़ के घोटाले का आरोप है। एसीबी प्रमुख ज्वाइंट सीपी मधुर वर्मा के अनुसार अत्यधिक बढ़ी हुई दरों पर क्लासरूम बनाने के ठेके दिए गए थे। प्रत्येक कक्षा का निर्माण 24.86 लाख रुपये में किया गया, जो सामान्य लागत से लगभग पांच गुना



अधिक है। यह कार्य भी आम आदमी पार्टी से जुड़े ठेकेदारों को सौंपा गया था। एसीबी के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 17-ए के तहत अपेक्षित मंजूरी मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया है। एसीबी के अनुसार इस परियोजना में राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 12,748 कक्षाओं और स्कूल भवनों का निर्माण शामिल था, जिसमें काफी वित्तीय अनियमितताएं हुई और लागत में वृद्धि देखी गई। परियोजना को शुरू में स्वीकृत लागत पर इस शर्त के साथ मंजूरी दी गई थी कि इसे जून 2016 तक पूरा कर लिया जाएगा और भविष्य में इसमें वृद्धि की कोई गुंजाइश नहीं होगी। एसीबी का यह भी कहना है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ। एसीबी ने यह भी दावा किया कि परियोजना के लिए सलाहकार और वास्तुकार को उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नियुक्त किया गया था। इससे पहले केंद्रीय शेष पेज 5 पर

सीएम नायब बोले हमें हमारे हिस्से का पानी दे पंजाब

पंजाब ने भाखड़ा नहर से हरियाणा को मिलने वाले पानी में की कटौती

# पंजाब और हरियाणा के बीच पानी पर मची रार जल-बंटवारे समझौते पर गहराया विवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब और हरियाणा के बीच पानी को लेकर विवाद गहरा गया है।



हरियाणा ने आरोप लगाया है कि पंजाब जल आवंटन समझौते का उल्लंघन कर हमें कम पानी दे रहा है। जबकि पंजाब का कहना है कि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दिया जा चुका है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ कहा कि हमारी भी जरूरत है, धान लगाने के लिए किसानों को पानी चाहिए। मान ने कहा कि हरियाणा को हम अतिरिक्त पानी कैसे दें। हरियाणा की शेष पेज 5 पर

बीबीएमबी के जरिये हम पर हरियाणा को अधिक पानी देने के लिए दबाव, लेकिन हम झुकेंगे नहीं: भगवंत

### हरियाणा भाखड़ा नहर से तय हिस्से का हकदार:

हरियाणा-पंजाब जल विवाद की जड़ें 1966 में पंजाब के पुनर्गठन से जुड़ी हैं, जब हरियाणा को एक अलग राज्य बनाया गया था। नदी के पानी का आवंटन, विशेष रूप से सतलुज और व्यास नदियों से, उस समय से विवादास्पद हो गया। भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की मदद से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान द्वारा किए गए 1981 के जल-बंटवारे के समझौते के अनुसार, हरियाणा भाखड़ा नहर से पानी के एक निश्चित हिस्से का हकदार है।

### हरियाणा की मांग और पंजाब का रुख कड़ा

हरियाणा ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के जरिए पंजाब से 8500 क्यूसेक पानी की मांग की है। जवाब में पंजाब सरकार ने साफ कर दिया कि वह पहले ही मानवीय आधार पर 4000 क्यूसेक पानी दे रही है, जबकि हरियाणा ने अपने कोटे से 103 प्रतिशत पानी का उपयोग कर लिया है। दूसरी ओर, पंजाब को केवल 89 प्रतिशत पानी मिला, जो सभी राज्यों में सबसे कम हिस्सेदारी है। सांसद कंग ने कहा कि पंजाब के बांधों में जलस्तर सामान्य से नीचे है, और खरीफ सीजन के लिए पानी की भारी जरूरत है। ऐसे में 8500 क्यूसेक पानी देना तकनीकी रूप से भी असंभव है, क्योंकि भाखड़ा मेन लाइन नहर की कुल क्षमता सिर्फ 10,000 क्यूसेक है।

## खबर संक्षेप

### आधा दर्जन पिस्टल के साथ दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार सिंडिकेट के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से आधा दर्जन पिस्टल बरामद हुये। गिरफ्तार व्यक्ति एमपी से हथियार खरीदकर उन्हें उच्च दामों पर दिल्ली एनसीआर और हरियाणा के बदमाशों को सप्लाई करते थे। एडिशनल सीपी मनोज सी के अनुसार मध्य प्रदेश स्थित हथियार निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दिल्ली एनसीआर, यूपी और आसपास के राज्यों में लाए जा रहे अवैध हथियार की आपूर्ति लाइन को काटने के लिए स्पेशल सेल द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंस्पेक्टर रणजीत सिंह और इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम असरारुल हक (30) और राम प्रवेश सिंह (33) हैं। दोनों देवरिया, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इनके बारे में सूचना मिली थी कि हथियार सिंडिकेट के दो सदस्य मध्य प्रदेश से पिस्टल की एक खेप दिल्ली लाए है। पिस्टल डिलीवरी करने के लिए सराय काले खां के पास आएंगे। इसके बाद ट्रैप लगाकर इन्हें दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर असरारुल के पास से चार देशी कट्टे और राम प्रवेश सिंह के पास से दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और दो अतिरिक्त मैगजीन बरामद हुई। सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान के लिए दोनों से आगे की पूछताछ जारी है।

### निजी स्कूलों की बढ़ी फीस वापस लेने का आदेश दे सरकार : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने बुधवार को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर कहा है कि सरकार को निजी स्कूलों को इस साल बढ़ाई गई फीस को वापस लेने का आदेश देना चाहिए। आतिशी ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली सरकार ने फीस रेगुलेशन बिल की घोषणा तो की, लेकिन इसे अगले शैक्षणिक वर्ष से लागू किया जाएगा। ऐसे में इस साल निजी स्कूलों द्वारा जो बेतहाशा और मनमानी फीस बढ़ोतरी की गई है, उसका का क्या होगा। क्या भाजपा सरकार ने इस साल इन निजी स्कूलों को फीस वृद्धि करने की छूट दे दी है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली सरकार सभी निजी स्कूलों को इस साल के लिए किसी भी तरह की फीस वृद्धि और मनमाने शुल्क को तुरंत वापस लेने का आदेश दे। अन्यथा आने वाले वर्षों के लिए कोई भी नया कानून दिखावा मात्र होगा।

### परिजनों ने हिरासत में मौत को लेकर लगाया जाम

# पुलिस की चलती गाड़ी से कूदने पर युवक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत कुंज उत्तरी थाना क्षेत्र में पुलिस की चलती गाड़ी से कथित तौर पर कूदने के कारण एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लिया था। उधर युवकों के परिजनों ने हिरासत में मौत का आरोप लगाते हुए समालखा-कापसहेड़ा मार्ग पर जाम लगा दिया और पुलिस पर पथराव किया। मामले की न्यायिक जांच की जा रही है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह और कांस्टेबल नितेश मोटरसाइकिल गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने मोटर साइकिल सवार दो युवकों की संदिग्ध गतिविधियां देखी।

जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन कुछ दूर पीछा करने के बाद उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विकास उर्फ मजनूं (28) और रवि साहनी उर्फ रवि कालिया (19) के रूप में हुई। दोनों दिल्ली के समालखा के रहने वाले हैं। विकास के पास से एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद हुआ। जिस मोटरसाइकिल पर दोनों सवार थे वह पालम इलाके से चोरी की पाई गई। कापसहेड़ा थाने में मामला दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच करवाई गई और उन्हें सरकारी गाड़ी से वसंत कुंज नॉर्थ थाने के लॉकअप ले जाया जा रहा था। इस बीच जब गाड़ी थाने के पास मोड़ी गई तो दोनों आरोपी भागने के प्रयास में धीमी गति से चल रही गाड़ी से कूद गए।

वाहन से कूदने के कारण दोनों घायल हो गए। उन्हें आईजीआई अस्पताल ले जाया गया जहां रवि साहनी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विकास मामूली रूप से घायल हुआ है। उसका इलाज किया जा रहा है। इसके बाद पीड़ित परिजनों ने समालखा-कापसहेड़ा रोड पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। वाहनों की आवाजाही रूकने पर लंबा जाम लग गया। पुलिस जाम खुलवाने पहुंची तो उस पर पथराव भी किया गया। इसके बाद डीसीपी समेत अन्य सीनियर अधिकारी भी धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से सड़क अवरुद्ध न करने का अनुरोध किया। कुछ परिजनों का यह भी कहना था कि पुलिस ने दोनों को घर से उठाया और पूछताछ के लिए जंगल इलाके में ले गई। पुलिस द्वारा उनकी पिटाई की गई और बाद में हमें फोन आया कि दोनों युवकों को मेडिकल परीक्षण करवाने के लिए ले जा रही है। देर रात हमें पता चला कि रवि साहनी की मौत हो गई है। हम बच्चे की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहते हैं।

## गांधी नगर बाजार में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर बाजार में बुधवार दोपहर एक दुकान में आग लग गई। दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गई। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि हमें दोपहर 2.05 बजे एक दुकान में आग लगने के बारे में सूचना मिली थी। दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। घटना के संबंध में पुलिस को भी जानकारी दी गई थी। पुलिस भी मौके पर पहुंची और आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है। आग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

**आईपीएस की मरम्मत, बहाली, संवर्द्धन/संशोधन द्वारा विश्वसनीयता का सुधार**

ई-निविदा सूचना सं. **RN-ST-05-2025-26; दिनांक: 28-04-2025** । निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:**- रंगिया मंडल के आईपीएस की मरम्मत, बहाली, संवर्द्धन/संशोधन द्वारा विश्वसनीयता में सुधार। निविदा मूल्य: ₹3,28,13,043.12; धरोहर राशि: ₹3,14,100.00 । **ई-निविदा** 22-05-2025 को 15:00 बजे **बंद होगी** और 22-05-2025 को 15:30 बजे सीनि. डीएसटीई/रंगिया के कार्यालय में **खुलेगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (एसएंडटी)/रंगिया
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी विशाल उर्फ विक्की उर्फ पिंटू, पुत्र:** विजय कलावत **पता:** एच–2/202, अमन विहार, **दिल्ली FIR No. 156/2018, Dt. 19.04.2018, U/s: 392/394/482 IPC, पुलिस थाना: जनकपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ विक्की उर्फ पिंटू,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ विक्की उर्फ पिंटू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ विक्की उर्फ पिंटू, FIR No. 156/2018, Dt. 19.04.2018, U/s: 392/394/482 IPC, पुलिस थाना: जनकपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**हरजोत सिंह ओजला**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11**
**दक्षिण–पश्चिम जिला न्यायालय संख्या 05**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/5346/WD/2025
(Court Matter)

## 29 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के आदर्श नगर थाना अंतर्गत मंगलवार देर रात एक 29 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम हेमंत पुत्र चंद्रेश कुमार बताया गया है। पुलिस ने हत्यारोपी को अरेस्ट कर लिया है। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार मंगलवार रात 11 बजकर 50 मिनट पर बाबू जगजीवन राम अस्पताल से आदर्श नगर थाने में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को चाकू घोंपने पर अस्पताल लाया गया था। पुलिस अस्पताल पहुंची जहां हेमंत उर्फ हैप्पी निवासी टी 538 रेलवे रोड आजादपुर को डॉक्टर ने 12:40 बजे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि वह राहुल और श्याम नामक दो व्यक्तियों के साथ रेलवे लाइन से आजादपुर गांव जा रहा था और उसका सोहित उर्फ जूडी पुत्र गिरिराज निवासी झुग्गी नंबर 106 सादिक नगर आजादपुर से झगड़ा हो गया था।

सोहित ने मृतक के सीने के बाएं हिस्से और बाएं हाथ पर चाकू से वार किया। आरोपियों को पकड़ लिया गया है और चाकू भी बरामद हो गया है।

### युवक पर किये चाकू से ताबड़तोड़ वार, नाबालिगों पर आरोप

नई दिल्ली। समयपुर बादली इलाके में मंगलवार शाम करीब 4 बजे वीर बाजार इलाके में एक किशोर पर नाबालिगों के ग्रुप ने चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर दिये। जख्मी किशोर को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि लड़की को लेकर पूरा विवाद उत्पन्न हुआ था। आरोपियों की धरपकड़ के लिये टीमें गठित की गई है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम पीड़ित पिता का फोन आया कि दो तीन लड़कों ने आरएफसी पिज्जा प्वाइंट वीर बाजार के पास उसके बेटे को चाकू मार दिया है। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पता चला कि लविश पुत्र अनिल कुमार के पेट में चाकू मारा गया है और उसे बीएसए अस्पताल ले जाया गया है। पूछताछ में पता चला कि एक किशोर अपने दो साथियों के साथ उसकी दुकान पर आया और उस पर हमला किया। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में पता चला कि घायल लविश की एक आरोपी की बहन से दोस्ती है। लड़की शालीमार बाग में लॉयन ब्लड सेंटर में काम करती है। उसके दो भाई हैं। दोनों भाई इस रिश्ते के खिलाफ थे। कुछ महीने पहले बड़े भाई ने लविश को अपनी बहन से दूरी बनाने के लिए कहा था। मंगलवार को 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले लड़की के 16 वर्षीय छोटे भाई ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लविश को चाकू मार दिया। लविश सी-40, राणा पार्क का रहने वाला है और एक बिल्डर के बदरपुर स्थित कार्यालय में काम करता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेश उर्फ बउआ, पुत्र: जगदीश, पता: म. नं. 75 व 123, वसंत गांव, वसंत विहार, नई दिल्ली तथा ग्राम जरारी, पोस्ट चौबेपुर, जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 146/18, U/s 354/506/509/32B/34 IPC, पुलिस थाना कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **उमेश उर्फ बउआ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **उमेश उर्फ बउआ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 146/18, U/s 354/506/509/32B/34 IPC, पुलिस थाना कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **उमेश उर्फ बउआ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अनम रईस खान**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**महिला कोर्ट, कमरा नं. 506**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/5235/SD/2025**

## निगम मुख्यालय के चक्कर काटने का कर्मचारी ने लगाया शतक

### हाजिरी घोटाले की खोली थी पोल, अब भी हो रही है मनमानी

दया राम ⏭ नई दिल्ली



क्रिकेट खेल में शतक लगाने की बातें तो आप लोग सुनते ही रहे हैं लेकिन अब दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से एक ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें निगम के एक पूर्व कर्मचारी ने अपना हक पाने के लिए निगम मुख्यालय के सौ (शतक) से ज्यादा चक्कर काट दिए हैं और इस दौरान कई जोड़ी चप्पल जूते भी घिस व टूट चुके हैं लेकिन इसके बाद भी निगम मुख्यालय प्रशासन ने उसका हक नहीं दिया है।

पूरा मामला यह है कि एमसीडी के एकीकरण होने से पहले दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मलेरिया विभाग में तैनात कॉन्ट्रैक्चुअल फील्ड वर्कर (सीएफडब्ल्यू) कर्मचारी राजकुमार ने ईमानदारी से कार्य करते हुए उस समय अपने विभाग के हाजिरी घोटाले की पोल खोली थी, तब विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मनमाने तरीके से इस कर्मचारी को परेशान करना शुरू कर दिया और बाद में विभिन्न नोटिस आदि देकर ड्यूटी से कर्मचारी को टर्मिनेट कर दिया।

पीड़ित कर्मचारी ने बताया कि तब से लेकर अब तक पीड़ित कर्मचारी स्वयं और अपने परिवार के साथ निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर जन स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों के समक्ष नियमानुसार अपना हक पाने की गुहार लगा रहा है लेकिन निगम प्रशासन इस कर्मचारी को उसका हक देने की बजाय इसके साथ मनमाना व्यवहार कर रहा है। पीड़ित राजकुमार ने हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर बताया कि इसी प्रकार के मामलों में करीब 20 कर्मचारी वापिस रखें गए हैं लेकिन मुझे नहीं रखा जा रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/297

हमकि (1) अशोक पुत्र हुकमचन्द उर्फ हुकम पुत्र राममेहर व (2) योगेश (3) मनीष पुत्रान अशोक पुत्र हुकमचन्द उर्फ हुकम, निवासीगण गांव बाढ़सा, तहसील बादली, जिला झज्जर एवं बिस्वेदारान गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 379/309, खाता न0 418, मु0 न0 6, किला न0 4(8–0), 5(6–8), 6(7–4), 7/1(5–16), 15(7–4), किते 5, तादादी रकबा 34 कनाल 12 मरले का 1/2 भाग, बकदर 17 कनाल 6 मरले (2.1625 एकड़) (जिसमें अशोक 1/4 भाग व योगेश – मनीष हर दो समभाग 1/4 भाग) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम के मालिकान व काबिजान हैं। जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 6, किला न0 4(8–0), 5(6–8), 6 मिन उत्तर (1–12), 7/1 मिन उत्तर (1–6), किते 4, तादादी रकबा 17 कनाल 6 मरले (2.1625 एकड़), पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 30.04.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## दिल्ली नगर निगम के पार्कों की समस्याओं पर बैठक आयोजित

### महापौर राजा इकबाल ने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के पार्कों की बेहतर देखरेख और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को उप-महापौर एवं वरिष्ठ पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में निगम के विभिन्न पार्कों से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर कार्यालय में आयोजित इस बैठक में प्रमुख रूप से टूटी हुई चारदीवारी, जर्जर वाक वे, अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सूखे पत्तों का ढेर, माली की कमी, वन विभाग से छंटाई की अनुमति में देरी तथा पानी के पंपों की खराब स्थिति जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पार्कों का रखरखाव जनहित का विषय है और हम इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे। पार्क नागरिकों के मनोरंजन, स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हमें इन्हें स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। महापौर ने अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से मरम्मत कार्यों और नियमित देखरेख के लिए कार्य योजना तैयार कर लागू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर पेड़-पौधों की छंटाई से संबंधित अनुमतियों को शीघ्र प्राप्त करने पर भी ज़ोर दिया गया।

### निगम में सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी आप : अंकुश नारंग

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आम आदमी पार्टी एक जिम्मेदार और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और जनता से जुड़े मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी। एमसीडी में 'आप' के नेता विपक्ष की कुर्सी संभालने के बाद अंकुश नारंग ने बुधवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानसून में दिल्ली को जलभराव से बचाने के साथ ही 24 घंटे बिजली व साफ पानी देने, साफ-सफाई और सड़कों की मरम्मत समेत अन्य कार्यों के लिए अब सिर्फ भाजपा जिम्मेदार है। हमारी मांग है कि भाजपा एमसीडी आयुक्त को हाउस टैक्स में छूट और 12 हजार कर्मियों को पक्का करने की फाइल को तत्काल पास करने का निर्देश दे। 'आप' सरकार ने सदन में इन दोनों प्रस्तावों को पास किया था, लेकिन भाजपा के इशारे पर इन फाइलों को रोक दिया गया है। नेता विपक्ष नारंग ने बताया कि पिछले दो वर्षों में भाजपा ने जिस तरह से विपक्ष की भूमिका निभाई, वह बहुत ही नकारात्मक था। भाजपा ने सदन नहीं चलने दिया, जनता की आवाज नहीं उठ पाई और पार्षद अपने क्षेत्र का कोई मुद्दा भी नहीं उठा पाया। भाजपा इससे ज्यादा नकारात्मक विपक्ष की भूमिका नहीं निभा सकती।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 2/2025** **प्रकाशन की तिथि : 01.05.2025**

आयोग हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हारट्रोन) में सहायक महाप्रबंधक (अकाउंट्स), उप महाप्रबंधक (अकाउंट्स), सीनियर सिस्टम एनालिस्ट, परियोजना प्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन), वरिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रॉनिक्स), प्रबंधक (अकाउंट्स), प्रोग्रामर, सहायक अभियंता (इलेक्ट्रॉनिक्स) और कंपनी सचिव के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पदों का श्रेणीवार ब्रेक–अप निम्नानुसार है:**

| विज्ञा. सं. 2 ऑफ 2025 | पद का नाम | सामान्य/अनारक्षित | वंचित अनुसूचित जाति | पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (i) | सहायक महाप्रबंधक (अकाउंट्स) | 01 | – | 01 |
| (ii) | उप महाप्रबंधक (अकाउंट्स) | 01 | – | 01 |
| (iii) | सीनियर सिस्टम एनालिस्ट | 01 | – | 01 |
| (iv) | परियोजना प्रबंधक | 02 | – | 02 |
| (v) | सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन) | 01 | – | 01 |
| (vi) | वरिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 01 | – | 01 |
| (vii) | प्रबंधक (अकाउंट्स) | 01 | – | 01 |
| (viii) | प्रोग्रामर | 02 | – | 02 |
| (ix) | सहायक अभियंता (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 04 | 01 | 05 |
| (x) | कंपनी सचिव | 01 | – | 01 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 08.05.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 28.05.2025 अप. 5:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 28.05.2025 अप. 5:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये **http://hpsc.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 30.04.2025
संवाद–1156/13/319/2026/34325/88/7 दि. 30.04.25

### डीयू में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ को किया झंडा दिखाकर रवाना

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश और राज्यों में राजनीतिक स्थिरता जरूरी: धर्मेंद्र प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि अगर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र एवं दुनिया की महाशक्ति बनना है तो देश एवं राज्यों में राजनीतिक स्थिरता जरूरी है। शिक्षा मंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौड़ का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय ने बुधवार को डीयू के रग्बी स्टेडियम से किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीयू के विद्यार्थियों को दौड़ में शामिल होने के लिए बधाई दी। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय 'एक राष्ट्र एक चुनाव' प्रोग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने झंडे दिखा कर दौड़ को रवाना किया। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि पिछले 50 साल से यह शैड्यूल बिगड़ा हुआ है। बार-बार चुनाव से समय और राजस्व की हानि होती है। यह देश की प्रगति के लिए अच्छा नहीं है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ केवल एक दौड़ मात्र नहीं है, बल्कि यह 2047 तक भारत को दुनिया में सबसे मजबूत देश बनाने के लिए दौड़ है।

### यह भी है हमारी देश के प्रति एक जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि डीयू के इस प्रांगण में हम जो 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ के लिए एकत्रित हुए हैं, तो यह भी हमारी देश के प्रति एक जिम्मेदारी है। इसी के लिए हम सब यहां आज एक मंच पर आए हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए का खर्च होता है। बार-बार आचार संहिता लगने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। कार्यक्रम के आरंभ में डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने सभी अतिथियों का डीयू में आने पर स्वागत किया।




## टैंकरों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित होगी कार्रवाई, हर जरूरतमंद को मिलेगा समय पर पानी

*मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय का दौरा कर यमुना सफाई से संबंधित एक्शन प्लान को लेकर की समीक्षा बैठक*

# दिल्ली में 2028 तक हर अनधिकृत कॉलोनी में होगी सीवर लाइन : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की हर अनधिकृत कॉलोनी में 2028 तक सीवर लाइन होगी। इसी के साथ पुरानी जल और सीवर की लाइनें फेज वाइज बदली जाएगी। यह बातें बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली जल बोर्ड के मुख्यालय में विभाग की कार्यप्रणाली और यमुना सफाई से संबंधित एक्शन प्लान को लेकर समीक्षा बैठक के बाद कही। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद बताया कि दिल्ली में अब तक 1226 अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइनों का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है, जबकि 154 अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर का कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2028 तक राजधानी की सभी अनाधिकृत कॉलोनियों को सीवर नेटवर्क से जोड़ दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक समर्पित प्रयास है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परियोजनाओं की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि तय समय सीमा के भीतर हर कॉलोनी को इस बुनियादी सुविधा से जोड़ा जा सके। सीएम ने कहा कि बैठक में विभाग की कार्यप्रणाली, जलापूर्ति एवं सीवरेज सिस्टम को लेकर कई अहम निर्देश दिए गए और विभाग द्वारा टैंकर प्रबंधन, शिकायत निवारण प्रणाली और डिजिटल मॉनिटरिंग व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई।

इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि बुधवार को हमने डीजेबी के मुख्यालय में जलापूर्ति व्यवस्था, टैंकर संचालन और सीवर नेटवर्क की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस समीक्षा में टैंकर जलापूर्ति के लिए लागू की गई जीपीएस आधारित प्रणाली की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा गया। साथ ही, यह भी देखा गया कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर किस प्रकार से पूरे शहर में टैंकरों की वास्तविक समय में आवाजाही पर नजर रख रहा है, ताकि समय पर और पारदर्शी जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, स्काडा सिस्टम के माध्यम से पूरे दिल्ली में जल आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई, यह देखा गया कि किस क्षेत्र में जल वितरण सुचारू रूप से हो रहा है और कहां सुधार की आवश्यकता है, इन सभी पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्यमंत्री ने एसटीपी की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता अनिवार्य करने के लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) की कार्यप्रणाली की सटीक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और उसकी थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए।

## दूध की कीमतों में वृद्धि से बिगड़ जाएगा परिवार का बजट : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दूध की प्रति लीटर की दरों में 2 रुपये की वृद्धि से महिलाओं की रसोई पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार को भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार को घेरते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को राहत देने की जगह लगातार उन पर आर्थिक बोझ डालने का काम रही हैं। लगातार बढ़ती महंगाई को रोकने में रेखा गुप्ता सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है क्योंकि आज से दिल्लीवालों को मदर डेयरी के दूध में प्रति लीटर पर 2 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिसके कारण महिलाओं की रसोई पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि दूध के दामों की बढ़ोत्तरी को तुरंत वापस लिया जाए।



- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता झूठे वादे करने में व्यस्त
- दामों की बढ़ोत्तरी को तुरंत वापस लिया जाए

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने बच्चों और बुजुर्गों को पोषण देने वाला दूध अब गरीब लोगों की पहुंच से बाहर कर दिया है। दूध की कीमतों में बढ़ोत्तरी पूरी तरह दिल्ली के 3 करोड़ लोगों को आहत पहुंचाने वाली है। यादव ने कहा कि मदर डेयरी द्वारा दूध के दामों में बढ़ोत्तरी के बाद अन्य दूध विक्रेता भी दामों में बढ़ोत्तरी करेंगे।

## एसीबी ने सिसोदिया एवं जैन पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आज का दिन आम आदमी पार्टी एवं उसकी निवर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्ली वालों की लड़ाई में निर्णायक दिन है जब भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शिक्षा एवं शिक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार के नाम पर क्लास रूम निर्माण में घोटाला करने के दोषी तत्कालीन मंत्रियों मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है।

सचदेवा ने कहा है कि हम आशा करते हैं अब शीघ्र मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन की भूमिका साफ होकर इनकी गिरफ्तारी होगी। दिल्ली की जनता एवं भाजपा चाहते हैं कि भ्रष्टाचार निरोधक शाखा क्लास रूम घोटाले में मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन की भूमिका के साथ ही मुख्यमंत्री होने के नाते अरविंद केजरीवाल की भूमिका को भी जांचे।

सचदेवा ने कहा कि 2015 में सत्ता में आते ही तत्कालीन अरविंद केजरीवाल ने विभिन्न तरह के भ्रष्टाचार एवं घोटालों की नींव रखनी शुरू कर दी थी और उस समय के भाजपा संगठन ने भी आवाज उठानी शुरू कर दी थी। सचदेवा ने कहा है कि 2015-16 में केजरीवाल सरकार ने स्कूलों में 12 हजार 748 क्लास रूम बनाने के लिए 2892 करोड़ रुपए का बजट आवंटन कर डाला।

2892 करोड़ रुपए की लागत से 12 हजार 748 क्लास रूम के निर्माण आवंटन का मतलब था कि केजरीवाल सरकार ने एक कमरे के निर्माण के लिए रूपए 24 लाख 86 हजार दिए जबकि सीपीडब्ल्यूडी मैनुवल के हिसाब से यह लागत पांच लाख रुपए के आसपास बैठती है।

## सिसोदिया-जैन पर दबाव और डराने के लिए एसीबी ने दर्ज किया मामला : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को कहा कि पार्टी नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को पंजाब पार्टी इकाई का प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने के मद्देनजर उन पर दबाव बनाने और डराने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। 'आप' के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि यह मामला सिसोदिया और जैन पर दबाव डालने और उन्हें डराने के लिए एक 'राजनीतिक' कदम के तहत दर्ज किया गया है। ढांडा ने कहा कि जिस तरह से सिसोदिया और अन्य नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं, मुझे लगता है कि जल्द ही उनके खिलाफ मंत्री की कुर्सी पर कब्जा करने, दस्तावेज में अल्पविराम या पूर्ण विराम लगाना भूल जाने के मामले भी दर्ज किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई काम नहीं है और हर मामले में वह 'आप' नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा देती है। ढांडा ने कहा कि यह महज संयोग नहीं हो सकता कि इससे पहले पार्टी नेता दुर्गेश पाठक के खिलाफ मामला तब दर्ज किया गया था जब वह गुजरात के सह-प्रभारी बने थे। ढांडा ने कहा कि भाजपा को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि 'आप' नेता ईडी और सीबीआई जैसी उनकी एजेंसियों या ऐसी खोखली धमकियों से नहीं डरते।




## औद्योगिक श्रमिकों-ईडब्ल्यूएस वर्ग की कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाएं बेहतर हों : इंद्राज सिंह

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों और ईडब्ल्यूएस वर्ग की कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया जाए। यह निर्देश बुधवार को समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि मंत्री इंद्राज ने बुधवार को बवाना में औद्योगिक श्रमिकों और कम आय वर्ग के लिए बनी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिल्ली राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड एवं दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। इंद्राज ने कहा कि बैठक में औद्योगिक श्रमिकों और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए विकसित की गई कॉलोनियों में सड़कों की मरम्मत व निर्माण, सीवर और ड्रेनेज व्यवस्था, बाउंड्री वॉल की स्थिति, बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति, स्वच्छता कार्य और नियमित मेंटेनेंस के साथ, अतिक्रमण हटाने को लेकर निर्देश दिए। बैठक में बवाना लाल फ्लैट्स, शाहबाद डेयरी क्षेत्र, बवाना जेजे कॉलोनी, सेक्टर 20 रोहिणी सहित अन्य क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा हुई।

## निष्पक्ष जांच करके भ्रष्टाचार करने वालों को सजा दिलवाए एसीबी : यादव

नई दिल्ली। भ्रष्टाचार अपराध शाखा (एसीबी) पिछली दिल्ली सरकार के क्लास रुम घोटाले मामले की निष्पक्ष जांच करके भ्रष्टाचार करने वालों सजा दिलवाए। ताकि दिल्ली की जनता तक यह संदेश जाए कि जो भ्रष्टाचार करेगा वो जेल जाएगा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा स्कूलों की बिल्डिंग और 12 हजार 748 क्लास रुम के निर्माण में 2000 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व पीडब्लूडी मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ जांच करने के लिए एफआईआर दर्ज की है जिससे साबित हो गया है कि भ्रष्टाचार कभी न कभी उजागर होता है और न्याय अपना काम करता है।




### सिरसा ने किया पुनर्विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

# सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण, नालियों का पुनर्निर्माण और पार्कों के कायाकल्प का काम शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपनी विधानसभा राजौरी गार्डन में बुधवार को लगभग दो करोड़ की पुनर्विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।इस परियोजना में सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण, नालियों का पुनर्निर्माण और पार्कों का कायाकल्प शामिल है। इसके तहत रघुबीर नगर स्थित टी-हट्स में सुलभ शौचालय का जीर्णोद्धार, श्याम नगर के एन ब्लॉक में ड्रेनेज सिस्टम में सुधार और चौखंडी स्थित जे.जे. कॉलोनी के बी ब्लॉक में पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्थानीय निवासियों के लिए स्वच्छता और जल निकासी समेत अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को और बेहतर बनाना है।इस अवसर सिरसा ने कहा कि पिछली सरकार ने राजौरी गार्डन समेत पूरी दिल्ली में अव्यवस्था फैलाने का काम किया। हम दिल्ली में लगे कूड़े के ढेरों को बारी-बारी से साफ कर रहे हैं। झुग्गियों में रहने वालों को शौचालय मिल चुके हैं और अब हम उन्हें पक्के मकान देने के लिए काम कर रहे हैं।

मंत्री सिरसा ने कहा कि अवैध ढाबा संचालकों को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था। उनमें से 90 फीसदी लोग जा चुके हैं। जो लोग अब भी शराब की बिक्री जैसे अवैध कार्यों में लिप्त हैं, उनके बुरे दिन शुरू हो चुके हैं। ऐसे लोगों के लिए अब दो ही विकल्प बचे हैं कि कानून का पालन करें या परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने नाबालिग को खोज निकाला

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस थाना डबुआ में दी शिकायत में बताया कि



उसकी नाबालिग बेटी 17 अप्रैल से बिना बताए कहीं चली गई जिसको काफी तलाश किया गया परंतु नही मिली। जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना डबुआ में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना डबुआ की टीम ने मामले में कार्रवाही करते हुए 23 अप्रैल को लड़की को तलाश किया।

### अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को किया काबू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस का वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरुद्ध



लगातार कार्रवाई की जा रही है, टीम ने आरोपी बरसात व सफी रहमान को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने आरोपी बरसात निवासी बदरपुर बॉर्डर दिल्ली को बदरपुर बॉर्डर दिल्ली से व सफी रहमान निवासी मीठापुर बदरपुर दिल्ली को फरीदाबाद से मोटरसाईकल सहित गिरफ्तार किया है।

### जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

**फरीदाबाद।** जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद में बाल विवाह निषेध अधिनियम पर आधारित एक



विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला बाल कल्याण अधिकारी पिंकी एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित किया गया जिसमें परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सक्रिय रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाना, इसके कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना तथा समाज को बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित करना रहा।

# भगवान परशुराम ने पापी, विनाशकारी राजाओं और दुष्टों का संहार करने के लिए लिया था अवतारः मंत्री शर्मा

धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को यहां कहा कि भगवान परशुराम ने पापी, विनाशकारी राजाओं और दुष्टों का संहार करने के लिए अवतार लिया था। आज भी भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुरामजी धरती पर निवास करते हैं। ऐसे में परशुराम जयंती का बहुत खास महत्व माना जाता है।



### परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है

*शर्मा राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ, अखिल भारतीय त्यागी भूमिहार महासंघ और मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। एके शर्मा ने कहा कि परशुराम जी को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर प्रदोष काल में विष्णुजी ने परशुरामजी का यह अवतार लिया था।*

### कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया

*कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार के मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, नोएडा के सांसद मंत्री डॉ महेश शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, विधायक संजय शर्मा, विधायक संजीव शर्मा, अजीत पाल त्यागी, नंदकिशोर गुर्जर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरडी शर्मा, कार्यक्रम संयोजक केडी त्यागी, संस्था के प्रदेश प्रभारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।*

## फरीदाबाद में अक्षय तृतीया के दिन डीएलएफ एसोसिएशन के नए कार्यालय का हुआ उद्‍घाटन



**फरीदाबाद।** अक्षय तृतीया के दिन डीएलएफ एसोसिएशन के नये कार्यालय का उद्‍घाटन (प्लाट नं. 10 न्यूडीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया) में पूजन हवन के साथ किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन शुभ कार्य के लिए सर्वाधिक उपयुक्त माना गया है। अग्रवाल ने कहा कि एसोसिएशन ने जो दायित्व दिया है उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे। आज सभी उद्योगपति एसोसिएशन का सहयोग करने का संकल्प लें ताकि हम सभी मिलकर एकजुटता के साथ डीएलएफ में स्थापित सभी उद्योग संस्थानों के लिए एक बेहतर मित्रता वाला वातावरण बनाकर अपने शहर फरीदाबाद के विकास को ध्यान में रखकर योजना बनाएंगे। हम सभी को ऐसा संकल्प आज लेना होगा तभी यह साकार हो पाएगा। कार्यालय के उद्‍घाटन के अवसर पर एसोसिएशन के फाउंडर अध्यक्ष टी.सी. धवन, वरिष्ठ सलाहकार एम.पी. रूंगटा, सलाहकार अनिल मित्तल, उपाध्यक्ष एम.एल. गोयल, विशाल मलहोत्रा, महासचिव अभय बजाज, सचिव शरद कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सदस्य पंकज, एस.एस.आहूजा, एम.एस. सोढ़ी, डी.के. जैन, सौरभ कोचर, रजत चुग, रोहित रूंगटा उपस्थित हुए। नये कार्यालय के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही नव चयनित अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल को डीएलएफ एसोसिएशन अध्यक्ष चयनित होने पर बधाई भी दी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क में किया विरोध प्रदर्शन

# बाबा साहब के अपमान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जवाब मांगे दलित समाज : अतुल गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

*सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महामानव की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उसमें अपनी तस्वीर जोड़ना समाजवादी पार्टी और उसके प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किया गया अत्यंत निंदनीय और दुर्भावनापूर्ण कृत्य है।*

समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई ने नवयुग मार्केट स्थित आंबेडकर पार्क में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि बाबा साहेब के अपमान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से दलित समाज जवाब मांग रहा है।

बुधवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भाजपा ने नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाजवादी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान करने के विरोध में प्रदर्शन किया।

अतुल गर्ग ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महामानव की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उसमें अपनी तस्वीर जोड़ना समाजवादी पार्टी और उसके प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किया गया अत्यंत निंदनीय और दुर्भावनापूर्ण कृत्य है। यह न केवल एक घटिया राजनीतिक नौटंकी है, बल्कि करोड़ों दलितों के आत्मसम्मान, संघर्ष और अस्मिता पर सीधा हमला है।




### अखिलेश यादव का यह कृत्य दलित समाज के साथ धोखा बाबा साहब का राजनीतिक उपयोग बंद करेंः गोयल

महानगर भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि अखिलेश यादव का यह कृत्य दलित समाज के साथ धोखा है। समाजवादी पार्टी को बाबा साहेब की छवि का राजनीतिक उपयोग तुरंत बंद करना चाहिए और अखिलेश यादव को देश से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अमित कल्याणी ने सवाल उठायाः आज तक समाजवादी पार्टी में किसी भी दलित नेता को शीर्ष नेतृत्व क्यों नहीं सौंपा गया? क्या दलित समाज केवल पोस्टर और भाषणों के लिए है? दलित समाज अब प्रतीकों के छलावे में नहीं आने वाला। वे अब सच्चे प्रतिनिधित्व और सम्मान की मांग कर रहे हैं। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि अखिलेश यादव की चुप्पी इस अपराध में उनकी सहमति को दर्शाती है। बाबा साहब का अपमान अब सहन नहीं किया जाएगा।

### भाजपा सच्चा सम्मान देती है

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की तुलना कोई नहीं कर सकता। उनके साथ की गई कोई भी छेड़छाड़ संविधान और सामाजिक न्याय के मूल्यों के खिलाफ है। भाजपा महामंत्री सुशील गौतम ने कहा कि दलित समाज अब जाग चुका है। वे इस प्रकार की दिखावटी राजनीति को पहचान चुके हैं और भाजपा के साथ खड़े हैं जो उन्हें सच्चा सम्मान देती है। पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन, पार्षद राजीव शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

## छात्रों ने 100 प्रतिशत उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए

# आईएससी और आईसीएसई परीक्षा में स्कॉटिश के विद्यार्थियों ने लहराया परचम








हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार नतीजों के साथ उत्कृष्टता की अपनी विरासत जारी रखी है। छात्रों ने 100 प्रतिशत उत्तीर्ण परिणामों के साथ आईसीएसई और आईएससी बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

आईएससी में, कॉमर्स स्ट्रीम के अरमान सहगल और गौरांगी कपूर ने गुरुग्राम में उच्चतम अंक हासिल किए हैं, प्रत्येक ने प्रभावशाली 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। मानविकी स्ट्रीम में, एकाक्ष कोहली ने 99.25 प्रतिशत के उल्लेखनीय स्कोर के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जबकि, देवांग पंत ने 98.5 प्रतिशत के सराहनीय स्कोर के साथ विज्ञान स्ट्रीम में खुद को प्रतिष्ठित किया। आईसीएसई में, अर्मिन कौर और सिद्धार्थ कपूर ने 98.4 प्रतिशत के साथ ग्रेड में टॉप किया। आईएससी में, 59 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं और 93 प्रतिशत छात्रों ने 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। आईसीएसई में, 57 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं और 93 प्रतिशत छात्रों ने 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। उत्कृष्ठ परिणाम को लेकर स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन ने कहा कि उल्लेखनीय परिणामों से माता-पिता और शिक्षकों दोनों को अत्यधिक खुशी हुई है।

स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल अपनी उपलब्धियों पर बहुत गर्व करता है और सभी छात्रों को उनके समर्पण और दृढ़ता के लिए हार्दिक बधाई देता है।

## अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं जीएमडीए व निगम के अधिकारी

# एमजी रोड पर हो रहा कार शोरुम का अवैध निर्माण, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के एमजी रोड स्थित सिकंदरपुर घोसी में करोड़ों रुपए की जमीन पर बिना किसी भवन योजना के कार शोरुम का निर्माण कार्य किए जाने का मामले में जीएमडीए व नगर निगम के अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। मामले में जब समाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट दिनेश यादव ने जीएमडीए के सीईओ श्यामल मिश्रा से शिकायत की तो उन्होंने एसई से कार्रवाई करने को कहा, लेकिन राजनैतिक रसूख के चलते अधिकारियों ने कोई एक्शन नहीं लिया।

आरोप है कि प्रदेश के भाजपा नेता की शह पर वहां निर्माण कार्य भी शुरु हो गया है। जिला प्रशासन की बेरुखी के चलते दिनेश यादव ने सीएम विंडो पर अपनी शिकायत कर कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई थी। सीएम विंडो में लगाई शिकायत में दिनेश यादव ने कहा कि उन्होंने नगर निगम कमिश्नर के समक्ष बीती 11 मार्च 2025 में आरोपियों पर कार्रवाई करने व अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य को रोकने की शिकायत की थी। जिसके बाद निगम की ओर से भाजपा नेता के पिता रामानंद को नोटिस तो दिया गया लेकिन अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य को नहीं रोका गया। निगम कमिश्नर व सीएम विंडो में दायर शिकायत में एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि एमजी रोड पर सिकंदरपुर घोषी में खेवट/नंबर 13 और खसरा नंबर 90 जमाबंदी में स्वीकृत भूमि पर बिना किसी भवन योजना के कार शोरूम के अनधिकृत निर्माण किया जा रहा है। वह भूमि खेवट/जमाबंदी खसरा संख्या 90 (25-0), ग्राम संख्या 127/121, खतौनी संख्या 13 और सिकंदरपुर घोसी स्थित है। इस कृषि भूमि पर नए शोरूम का निर्माण किया जा रहा है। बिना किसी विभाग की अनुमति के कार शोरूम को लीज पर दिया जाना है। इस भूमि पर अन्य अवैध मार्केट/दुकानें भी बिना किसी विभाग की अनुमति के निर्मित हैं। दिनेश यादव का आरोप है कि यह सब बादशाहपुर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके भाजपा नेता की शह पर हो रहा है। दिनेश यादव ने अपनी शिकायत के माध्यम से इस तरह के अवैध निर्माण को रोकने, अनधिकृत दुकानों को सील करने और बिना किसी अनुमोदित भवन योजना के इस भूमि पर बनी अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कराए जाने को कहा है। दिनेश यादव ने कहा कि निगम ने जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो उन्होंने सीएम विंडो का सहारा लिया। जिसके बाद निगम ने बीती तीन अप्रैल को भाजपा नेता के पिता रामानंद को नोटिस भेजकर आगामी 21 अप्रैल को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने को कहा। जिसमें उनसे जमीन के मालिकान हक के पेपर, सीएलयू व प्रॉपर्टी से संबंधित अन्य दस्तावेज सहित निगम कार्यालय में हाजिर होने के लिए कहा गया। लेकिन इसका उन पर कोई असर नहीं हुआ। निगम के कमिशनर और जॉइंट कमिशनर ने इस मामले में पूरी तरह से आँखें मूंदी हुई हैं।

## रेडक्रॉस सोसाइटी प्रांगण में लगाया वाटर कूलर

# स्वच्छता अभियान के तहत रेडक्रॉस के पार्क का किया जीर्णोद्धारः प्रोफेसर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारी गर्मी को मद्देनजर रखते हुए आम नागरिकों तक शीतल एवं स्वच्छ पेयजल पहुंचाने हेतु उपायुक्त एवं प्रधान रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के निर्देशानुसार तथा रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद एवं इनर व्हील क्लब फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में जन व्यवस्था के लिए कदम उठाया और रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रांगण में वाटर कूलर लगाया।

इस अवसर पर प्रोफेसर एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि अपने वक्तव्य में कहा कि अधिकतर व्यक्ति गर्मियों में पानी पिलाने हेतु छबील लगाते है यह बहुत ही नेक और पुनीत कार्य है, पहले पानी के लिए लोग प्याऊ लगाते थे उसी तर्ज पर आज रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद और इनर व्हील क्लब फरीदाबाद के द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रांगण में शीतल जल आम लोगों तक पहुंचाने हेतु वाटर कूलर लगाया गया ताकि गर्मियों में आने जाने वाले व्यक्ति, राहगीर, कोर्ट में आने वाले व्यक्ति ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सके। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद तथा इनर व्हील क्लब फरीदाबाद के



पदाधिकारियों, कर्मचारियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे नेक कार्य जनकल्याण के लिए सामाजिक संस्थाओं को करते रहना चाहिए। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की प्रधान श्रीमती पूजा जैन ने बतौर विशेष अतिथि कहा कि हमें रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर कार्य करने में अत्यंत प्रशंसा होती है और स्वच्छता अभियान के तहत हमने 15 ट्रॉली कचरा यहां से उठाकर कूड़ा घर पर पहुंचाया है तथा रेडक्रॉस कार्यालय के पार्क को खूबसूरत बनाकर पेड़ पौधे भी प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाया है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के उप अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी ने आए हुए सभी अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया तथा सहयोग करने के लिए इनरवियर क्लब फरीदाबाद का धन्यवाद किय। उन्होंने जलदान, रक्तदान, कन्यादान करने हेतु लोगो को प्रेरित भी किया। इन लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने पूर्ण सहयोग दिया इस अवसर पर सांसे मुहिम के प्रधान जसवंत पवार, टीबी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मधु भाटिया, आजीवन सदस्य मीनाक्षी गोयल आदि उपस्थित थे।

## सभी विभागों के नोडल अधिकारी शिकायतों के समाधान की एटीआर जरूर अपलोड करें

# सीएम विंडो, जन-संवाद और एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान करें अधिकारीः डीसी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि सीएम विंडो, जन.संवाद और एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता से निपटान करना सुनिश्चित करें। डीसी ने सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन शिकायतों के समाधान की आन लाइन प्लेटफार्म पर एटीआर जरूर अपलोड करें।

डीसी विक्रम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सीएम विंडो, जनसंवाद और एसएमजीटी पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों की बैठक में सीएम विंडो, जनसंवाद और एसएमजीटी पोर्टल की




विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इन पोर्टलों की समीक्षा करते हैं, ऐसे में शिकायतों के निपटान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी पोर्टल से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लें और निर्धारित समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी रोजाना पोर्टल खोलकर शिकायतों की वास्तविक स्थिति जांचें और समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें। शिकायत मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर उसका निपटान करें और उसे ओवरड्यू न होने दें। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि लंबित शिकायतों पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई से भी परहेज नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन प्रणाली के जरिए पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी प्रकार से भी औपचारिकता न हो, स्वयं संज्ञान लेकर उस समस्या का समाधान करें और शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट करें। जिन विभागों की शिकायत ज्यादा पेंडिंग हैं, इनका जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि कई शिकायतें ऐसी होती हैं, जिसमें एक से ज्यादा विभागों से संबंधित होती है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04**

**निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोटः** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।

दिनांकः 30.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1280/25

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02**

**निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोटः** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।

दिनांकः 30.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1275/25

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03**

**निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोटः** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।

दिनांकः 30.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1279/25

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‍घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **नंद लाल पुत्रः स्व. मुन्ना लाल, पताः** गली नं. 14, शिव मन्दिर, वजीराबाद, दिल्ली और गली नं. 16, वाटर वर्क्स वजीराबाद, दिल्ली ने **FIR No. 263/2015, U/s 363 IPC,** थानाः तिमार पुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नंद लाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नंद लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‍घोषणा की जाती है कि **FIR No. 263/2015, U/s 363 IPC,** थानाः तिमार पुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नंद लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**करणबीर सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02**
**कमरा नं.26, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5415/N/2025**
**(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### अंसल ग्रुप के ठिकानों पर ईडी की दस्तक

**लखनऊ।** अंसल ग्रुप के ठिकानों पर ईडी ने दस्तक दी है। टीम लखनऊ और गाजियाबाद समेत



सात ठिकाने खंगाल रही है। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने अंसल ग्रुप के ठिकानों पर दस्तक दी। टीम लखनऊ, गाजियाबाद समेत सात ठिकानों पर दस्तावेज खंगाल रही है।

## हरियाणा के सीएम सैनी ने यूपीएससी पास करने वाले 64 अभ्यार्थियों को दी बधाई

*आपका चयन गर्व की बात, ट्रेनिंग के बाद जहां जाएंगे, वहीं लठ गाड़ेंगे*

# होनहारों का सम्मान, 2047 तक भारत को विकसित बनाने के विजन को साकार करें

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) एग्जाम में सफल हुए प्रदेश के 64 अभ्यर्थियों ने मुलाकात की और बधाई दी। चंडीगढ़ में अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर में कार्यक्रम आयोजित कर सीएम सैनी ने हरियाणा के होनहारों का सम्मान किया। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों से यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थी शामिल हुए। सीएम सैनी ने सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शरुआत की। इस मौके पर सीएम सैनी ने कहा कि आ सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करें। आपका चयन गर्व की बात है। आप जहां जाएंगे हरियाणा का लठ गाड़ देंगे। आप सभी सराहनीय कार्य करके धाकड़ हरियाणा की धाक बनाए रखेंगे। आप सभी युवा विकसित भारत के सपने की नींव व कर्णधार हैं, देश को आपसे काफी उम्मीदें हैं। विश्वास है कि आप देश के हर हिस्से में पहुंचकर भारत की अनेकता में एकता के भाव को मजबूत करने के साथ-साथ हरियाणा का भी नाम रोशन करेंगे।

**जड़ों से जुड़े रहना :** सीएम ने कहा कि आप कहीं पर भी सेवा दें, अपनी जड़ों से जुड़े रहे, जड़ों को न छोड़ें। लोगों के हित के अंदर जो योजनाएं बनानी है, उन सब को धरातल पर उतारने का काम करना है। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने की बात कही है, उसी संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में नौकरियों के लिए पारदर्शी सिस्टम है।



### बिना खर्ची-पर्ची मिल रही नौकरी

सीएम ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले युवा नौकरी पाने के लिए विधायकों व मंत्रियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते थे, परंतु वर्ष 2014 के बाद मिशन मेरिट व बिना खर्ची-बिना पर्ची के सरकारी नौकरी देने के सिस्टम को लागू किया है। अब युवा कोचिंग सेंटरों में कोचिंग लेकर सरकारी नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं। सरकार ने 1.75 लाख युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां दी हैं। पिछले 10 वर्षों में छोटे से छोटे गांवों में भी 5-6 युवाओं को नौकरी मिली है। बड़े गांवों में तो संख्या 350-400 है। मुख्यमंत्री की शपथ लेने से पहले हमने 26 हजार युवाओं को ज्वाइनिंग लेटर देकर चुनाव के दौरान नौकरी देने का युवाओं से किया वादा पूरा किया।

## पेज एक का शेष

### रॉ के पूर्व चीफ आलोक...

आईएफएस हैं। यह फैसला पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आया है, जिसमें एक नेपाली नागरिक सहित 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और कई घायल हो गए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके आवास पर बुलाई गई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में ये फैसला लिया गया।

### लॉक्ड, लोडेड और....

नया वीडियो जारी किया है। वीडियो में इंडियन आर्मी के जांबाज जवान फुल एक्शन में नजर आ रहे हैं। वीडियो जारी करते हुए कहा गया है कि लॉक्ड, लोडेड और हमेशा तैयार। दुश्मन कहीं नहीं छुप सकते, हम उन्हें खोज निकालेंगे। सेना के मैसेज बिल्कुल क्लियर है किसी भी ऑपरेशन के लिए आर्मी रेडी है। बस फाइनल ऑर्डर का इंतजार है।

### सीमा से सटे ....

ड्रोन को मार गिराएगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से अब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को तुरंत ट्रैक कर नष्ट कर सकेंगी।

### पहलगाम में आतंकी....

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अध्यक्षता में एक के बाद एक ताबड़तोड़ तीन बेहद उच्चस्तरीय बैठकें साथी मंत्रियों के साथ की। सूत्रों के अनुसार, बुधवार की सुबह कैबिनेट की बैठकों से पहले, अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात में पहलगाम हमले के बाद की स्थिति और सुरक्षा उपायों पर चर्चा हुई।

**कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक**

- स्थानः 7, लोक कल्याण मा दिल्ली (प्रधानमंत्री आवास)

**प्रमुख उपस्थित मंत्रीः**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (अध्यक्ष)
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
- गृह मंत्री अमित शाह
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान

**कूटनीतिक कदमः**

- पाकिस्तान को आतंकवाद प्रायोजक देश घोषित करने के लिए वैश्विक मंचों पर अभियान।
- पहले लागू किए गए उपायों (सिंधु जल संधि निलंबन, अटारी चेकपोस्ट बंद, पाकिस्तानी वीजा रद्द) की समीक्षा और सख्ती।

**सुरक्षा उपायः**

जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट, 48 पर्यटन स्थलों को बंद करना।

एआईस की जांच को तेज करने और स्थानीय आतंकी नेटवर्क को नष्ट करने के निर्देश।

राजनीतिक रणनीतिः

संसद के विशेष सत्र पर विचार और सभी दलों के साथ समन्वय।

### पहलगाम हमले के ...

के बाद दोनों शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच हुई यह पहली वार्ता थी। जो कि बीते मंगलवार को हॉटलाइन पर हुई थी। पाकिस्तान की सेना द्वारा एलओसी पर की जा रही गोलीबारी का भारतीय सेना द्वारा उसी के अंदाज में करारा जवाब दिया जा रहा है। यहां बता दें कि इस आतंकी हमले में भारत के कुल 26 निर्दोष नागरिक मारे गए। जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल है। यह सभी लोग पर्यटक थे और पहलगाम घूमने के लिए गए थे। सूत्रों ने यह भी कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच हुई यह बातचीत उस साप्ताहिक संवाद प्रक्रिया का हिस्सा है। जो आमतौर पर प्रत्येक मंगलवार को होती है। भारत की तीनों सशस्त्र सेनाएं (सेना, वायुसेना और नौसेना) पूरी मुस्तैदी के साथ ग्राउंड पर तैनात हैं और दुश्मन की किसी भी हरकत का तुरंत माकूल जवाब देने के लिए तैयार हैं।

**पाक सेना ने 15 बार तोड़ा संघर्षविरामः** हमले के बाद से लेकर बीते 29-30 अप्रैल की मध्यरात्रि तक पाकिस्तान की सेना ने बिना किसी उकसावे के जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कुल करीब 15 बार संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन कर भारतीय सेना की चौकियों की तरफ गोलीबारी की है। इसमें राइफल, पिस्टल, कार्बाइन, एलएमजी जैसे छोटे हथियारों का प्रयोग किया गया है। पाक की नापाक फायरिंग का भारत की सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। एलओसी पर गोलीबारी वाले इलाकों में नौशेरा, सुंदरबनी, कुपवाड़ा, बारामूला और अखनूर शामिल हैं। इस गोलीबारी का मकसद तनाव बढ़ाना है।

**आईबी में परगवाल के इलाके में हुई गोलीबारीः** वर्तमान में पाक सेना की गोलीबारी का दायरा एलओसी से आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) तक पहुंच गया है। 29-30 अप्रैल की देर रात दुश्मन सेना ने दोनों देशों के बीच स्थित आईबी से लगे परगवाल के इलाके में भी गोलीबारी की। इसमें भी छोटे हथियारों का ही प्रयोग किया गया है। सूत्रों ने कहा कि परगवाल के इलाके से ही चिनाब नदी पाकिस्तान की ओर जाती है। साथ ही यह अखनूर से जुड़ा हुआ है। जहां से भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूद नियंत्रण रेखा समाप्त हो जाती है और अंतरराष्ट्रीय सीमा की शुरुआत हो जाती है।

### पाकिस्तानी झूठ का...

कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार को पद से हटाकर उनके खिलाफ जांच बिठा दी है। पीआईबी फैक्ट चेक ने इस सूचना को गलत बताते हुए कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल कुमार 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त हो गए हैं और उनकी जगह पर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को उत्तरी कमांड का नया कमांडर बनाया गया है। साथ ही इस संबंध में मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ के आधिकारिक एक्स हैंडल से कभी भी कोई पोस्ट नहीं किया गया है।

### नरसिम्हा स्वामी मंदिर...

प्रदेश की गृह एवं आपदा प्रबंधन मंत्री वांगलापुडी अनिता भी मौके पर पहुंचीं। अनिता ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश हो रही थी। सभी सावधानियां बरती गई थीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम घटना की जांच कर रहे हैं। फिलहाल, हमें जानकारी मिली है कि करीब 8 लोगों की मौत हुई है। सारा मलबा हटा दिया गया है। बचाव कार्य पूरा हो चुका है।

**पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जतायाः** पीएम मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की।

### पहलगाम आतंकी हमले....

भारत के 26 नागरिक मारे गए। इनमें से ज्यादातर पर्यटक थे और पहलगाम घूमने के लिए गए थे। मारे गए लोगों में एक नेपाली नागरिक भी शामिल है।

**दोनों बैठकों में शामिल हुए यह मंत्रीः** सीसीएस की बैठक में पीएम मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। जबकि सीसीपीए की बैठक में पीएम के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। सीसीएस की यह दूसरी बैठक थी। इससे पहले 22 अप्रैल को हुए हमले के ठीक अगले दिन यानी 23 अप्रैल को राजधानी में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सीसीएस की पहली बैठक हुई थी। वहीं, सीसीपीए की बैठक की बात करें तो वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के बाद कैबिनेट की शीर्ष राजनीतिक समिति की बैठक हुई थी। जिसके बाद पाकिस्तान और पाले हुए आतंकियों को सबक सिखाने के लिए भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार कर बालाकोट एयर स्ट्राइक की थी।

### पहली सीसीएस....

रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को जल्द देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया, अटारी पर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद किया, नई दिल्ली-इस्लामाबाद उच्चायोग में मौजूद कर्मियों की संख्या घटा दी गई है। लेकिन 30 अप्रैल को हुई सुरक्षा मामलों की दोनों महत्वपूर्ण बैठकों के बारे में सरकार की तरफ से आधिकारिक रूप से फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। भारत की कूटनीतिक स्ट्राइक के जवाब में पाकिस्तान ने अपने एयरस्पेस को भारतीय विमानों के लिए बंद कर दिया। साथ ही भारत के साथ पाक ने सभी मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों, व्यापार को रद्द कर दिया है। इसमें तीसरे देश से पाकिस्तान के साथ होने वाला व्यापार भी शामिल है। साथ ही पाकिस्तान ने ऐलान किया कि भारत की सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की कार्रवाई को युद्ध के समान समझा जाएगा।

### एसीबी ने मनीष सिसोदिया...

सतर्कता आयोग (सीवीसी) के मुख्य तकनीकी परीक्षक (सीटीई) ने भी अपनी रिपोर्ट में विभिन्न खंडों के गंभीर उल्लंघन को उठाया था, जिसमें केंद्रीय लोक निर्माण विभाग कार्य नियमावली 2014, जीएफआर 2017 और सीवीसी दिशानिर्देशों के घोर उल्लंघन को उजागर किया गया था। हालांकि, इस रिपोर्ट को कथित तौर पर लगभग तीन साल तक दबा दिया गया था। एसीबी के अनुसार एसपीएस कक्षाओं के लिए प्रति वर्ग फुट लागत 2,292 रुपये आंकी गई, जबकि पक्के मॉडल स्कूलों के लिए यह 2,044-2,416 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। इसने कक्षाओं के निर्माण में एसपीएस के उपयोग से अपेक्षित किसी भी वित्तीय लाभ को नकार दिया। प्रारंभिक निविदा राशि 860.63 करोड़ रुपये थी, जो बाद में 17 प्रतिशत से 90 प्रतिशत हो गई। एसीबी ने कहा कि इसमें से 205.45 करोड़ रुपये सीधे तौर पर ज्यादा विनिर्देशों के कारण थे, जो मूल निविदा मूल्य का लगभग 24 प्रतिशत था। सीवीसी दिशा-निर्देशों के विपरीत, इन बदलावों को दर्शाने के लिए कोई नई निविदा आमंत्रित नहीं की गई। पांच स्कूलों में 42.5 करोड़ रुपये का काम बिना उचित निविदाओं के मौजूदा अनुबंधों का उपयोग करके किया गया। पूरी साजिश का पता लगाने और आप नेताओं, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और ठेकेदारों की भूमिका और दोषसिद्धि तय करने के लिए एक व्यापक जांच शुरू की गई है।

### पंजाब और हरियाणा...

रोजाना की जल आपूर्ति को 8,500 क्यूसेक से घटाकर 4,000 क्यूसेक करने के बाद भाखड़ा नहर से पानी के आवंटन को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच रार मच गयी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने कदम का बचाव करते हुए दावा किया है कि पंजाब के पास कोई अतिरिक्त पानी नहीं है, जबकि हरियाणा ने इस बयान को खारिज करते हुए मान सरकार पर लंबे समय से चले आ रहे जल-बंटवारे समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मान के बयानों को "चौंकाने वाला" और भ्रामक बताया है। मंगलवार को हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से दिल्ली में मुलाकात की और केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की थी। उन्होंने चेतावनी दी कि कटौती से हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, रोहतक और महेंद्रगढ़ जिलों में पेयजल और सिंचाई पर गंभीर असर पड़ सकता है। दशकों से चले आ रहे पानी के मुद्दे में ताज़ा विवाद दो हफ्ते पहले तब सामने आया जब पंजाब ने भाखड़ा नहर से हरियाणा को मिलने वाले पानी में कटौती कर दी, जो राज्य की सिंचाई और पेयजल ज़रूरतों के लिए एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा है।

**केंद्र और बीजेपी पर साजिश का आरोपः** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सांसद कंग ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर बीबीएमबी के जरिए पंजाब की नुमाइंदगी खत्म करने और हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। मान ने कहा कि पंजाब का जल लेखा-जोखा 21 मई से शुरू होने वाली एक साल की अवधि से चल रहा है और हरियाणा के आवंटन का पूरा उपयोग किया गया है।

**हुड्डा और सैलजा ने की आलोचनाः** कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा तथा इंडियन नेशनल लोकदल नेता अभय सिंह चौटाला ने भी सतलुज-यमुना लिंक नहर जैसे संबंधित मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के बावजूद हरियाणा का हिस्सा सुरक्षित करने में विफल रहने के लिए दोनों राज्यों की भाजपा सरकारों की आलोचना की है।



# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नूंह

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विभिन्न प्रकार के 153 वाहन (102 सी.सी.पी.आर./106 बी.एन.एस.एस., 207 मोटर वाहन अधिनियम वा भा०द०स०/ भा०न०स०) के तहत जिला नूंह के भिन्न-2 थानो के द्वारा कब्जा पुलिस मे लिये गये है। जो इन वाहनो पर अभी तक किसी भी व्यक्ति / फर्म ने अपना मालिकाना हक पेश नही किया है अतः आम जन को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है यदि कोई व्यक्ति या फर्म इनमें से किसी भी वाहन पर अपना मालिक होने का दावा पेश करना चाहता है तो 06 माह के अंदर 2 अपना दावा पेश कर सकता है, तथा अपने वाहन को नियमानुसार छुडवा सकता है है। अन्यथा 6 माह पुर्ण होने उपरांत उपरोक्त वाहनों को लावारिस समझकर नियमानुसार नीलाम कर दिया जायेगा

हस्ता/- पुलिस अधीक्षक, नूंह

पुलिस विभाग जिला नूंह

| SR NO. | FIR/GD No. | Vehicles seizure date | Vehicles Name | Make | Reg. No. | Chassis No. | Engine No. | Seized under which legal provision ie | P.S |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR28D5581 | MBLHA10CGF4M0080 | HA10ERFHM00877 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 2 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | - | MBLHA11AZG4F08726 | HA11EKG4F07017 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 3 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR28D4311 | - | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 4 | IMPOUND | 2020 | M/C | CT 100 | HR51X6675 | MD2DDDUZZNAE03336 | DUEBNE04141 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 5 | IMPOUND | 2020 | M/C | DISCOVER | HR28D2124 | MD2D5JZZZUPK23127 | ZUBUK87354 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 6 | IMPOUND | 2020 | M/C | FAZER | - | ME1R607430013722 | 207 M.V Act | PINGWAN | IMPOUND |
| 7 | IMPOUND | 2020 | M/C | CD DELUXE | - | 06F29F06722 | 06F29E06616 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 8 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | RJ02BD2338 | MBLHA11ATG9H14868 | HA11EJG9H35642 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 9 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR28C5723 | MBLHA10EEAHB30534 | HA1EAAHB72947 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 10 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | | MBLHAW094K60052 | HA10AGKHUC1200 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 11 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | RJ02NS5235 | MBLHA11AZF9M02243 | HA11EKF9M02230 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 12 | IMPOUND | 2020 | स्कूटी | स्कूटी | HR 26AD 3592 - | ----------- | ----------- | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 13 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | HR28B5457 | 07E22F05845 | 07E22E13237 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 14 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL PRO | - | MBLHA10A9EHE05414 | HA10ELEHE55417 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 15 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR26 9545 | 06D16F22264 | 06D15E21506 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 16 | IMPOUND | 2020 | M/C | APACHE | HR28H2686 | ----------- | ----------- | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 17 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL PRO | HR28E5867 | MBLHA10BMEHJ05120 | HA10ERGH 61367 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 18 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | RJ02FS0080 | MBLHA11EWD9F01924 | HA11EGD9F08162 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 19 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | | MBLHZW131L9A04976 | HA11EWL9A05843 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 20 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR52B4606 | MBLHA107B9F | HA10EFB9F14551 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 21 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR28E0819 | MBLHA10AMB9E88611 | HA10E9D9E11178 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 22 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | HR2626213 | 07B23F55855 | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 23 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | | MBLHA11AZF9G09463 | HA11EKF9G09371 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 24 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | - | MBLHA10AME9804849 | HA10EJE9B05649 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 25 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR29Q6593 | 06K16C01577 | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 26 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | - | MBLHAR070HHF15419 | HA10AGHHF20590 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 27 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | HR52E6614 | MBLHA11ATE | HA11E0F9K36139 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 28 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR28F9283 | MBLHA10CGF | HA10ERRHM01355 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 29 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | HR52A2693 | 07K16F01903 | 07K1503538 | 1207 M.V Act | PINGWAN |
| 30 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | HR2813001 | MBLHAROS | HA11EP9C13676 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 31 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | - | MBLHA10EZA9F01604 | HA10EZA9F03642 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 32 | IMPOUND | 2020 | M/C | SPL | - | MBLHA10ABB9D12027 | HA10EGB9D18457 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 33 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | HR28D7709 | HA11ED09E10877 | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 34 | IMPOUND | 2020 | M/C | HF DELUXE | HR28F8301 | MBLHA11ACE9D02048 | HA119GE9D03658 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 35 | - | 2020 | TRUCTER | FORD TRUCTER | - | - | S324C08135 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 36 | IMPOUND | 2022 | M/C | HF DELUXE | - | MBLHA11ATG9M11328 | HA11EJG9M16704 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 37 | IMPOUND | 2022 | M/C | HF DELUXE | HR28E3879 | MBLHA11EWD9K3478 | HA11EKG4M55777 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 38 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | HR5283673 | MBLHA10EZB9B012250 | HA10EFB0B01367 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 39 | IMPOUND | 2022 | M/C | HF DELUXE | - | MBLHA7153J9G10378 | HA11EMJ9G16475 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 40 | IMPOUND | 2022 | M/C | HF DELUXE | - | MBLHA11ACE9B02027 | HA11EGE9B01968 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 41 | IMPOUND | 2022 | M/C | HF DELUXE | - | MBLHA7152H9L10595 | HA11EMH9L09514 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 42 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | RJ40SH1839 | MBLHAW114LHJ86659 | HA11EVLHJ97919 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 43 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | RJ05DS5801 | MBLHAR07XJHG22354 | HA10AGHHG24969 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 44 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | - | MBLHAR070JHE00664 | HA10AGJHD64953 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 45 | IMPOUND | 2022 | M/C | APACHE | HR52C3355 | MD631KE66D2K96204 | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 46 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | - | MBLHA10AMEHC22168 | HA10EJEHC92208 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 47 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | RJ02BA3452 | MBLHAW082KHO57485 | HA10AGKH098494 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 48 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | - | MBLHA10BWF9C00268 | HA10EWF9C00415 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 49 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | - | MBLHAW123LHF03646 | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 50 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | RJ05X4465 | - | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 51 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL PRO | - | MBLHA10AMDC00674 | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 52 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | HR51F6265 | - | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 53 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL | HR28C8378 | - | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 54 | IMPOUND | 2022 | M/C | HF DELUXE | - | MBLHAC41L9C10226 | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 55 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR 27 D 1733 | MBLHA10E2C9B00234 | - | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 56 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR 52 C 5126 | MBLHA10AMEHF2633 | HA10EJEHF18270 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 57 | IMPOUND | 2023 | M/C | HF DELUXE | - | MBLHAC023K9F10802 | HA11EMK9F17467 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 58 | IMPOUND | 2023 | M/C | SPL+ | HR 28-6943 | MBLHAR072JHF48332 | HA10AGUHE57821 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 59 | IMPOUND | 2023 | M/C | SPL+ | - | MBLHAR084HHE05496 | HA10AGHHEA54403 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 60 | IMPOUND | 2023 | M/C | SPL | HR 27 A 0781 | - | 05D15M33245 | 207 M.V Act | PINGWAN |
| 61 | 102 CRPC | 2023 | M/C | SPL+ | HR 28 B 6201 | MBLHA10AB | - | 102 CRPC | PINGWAN |
| 62 | 102 CRPC | 2023 | M/C | APACHE | - | 33812 | 35504 | 102 CRPC | PINGWAN |
| 63 | 102 CRPC | 2023 | CAR | CRETA | UP-14 TC 0986 | - | - | 102 CRPC | PINGWAN |
| 64 | 47 POLICE ACT | 2023 | M/C | APACHE | - | - | - | 47 POLICE ACT | PINGWAN |
| 65 | 47 POLICE ACT | 2023 | M/C | APACHE | HR 52 D 8961 | - | - | 47 POLICE ACT | PINGWAN |
| 66 | 47 POLICE ACT | 2023 | M/C | CD DELUXE | - | - | - | 47 POLICE ACT | PINGWAN |
| 67 | 47 POLICE ACT | 2023 | PICKUP | PICKUP | - | ZF2GHKE1L83467 | GHEIL67361 | 47POLICE ACT | PINGWAN |
| 68 | 100 | 16.08.2017 | M/C | BAJAJ PUSLAR | HR28C6291 | | | 3760,506 IPC & 6 POCSO ACT | W.P.S |
| 69 | 122 | 23.12.2018 | M/C | HF DELUXE | - | MBLHA11EWD9600270 | - | 363,366a IPC & 4 POCSO ACT | W.P.S |
| 70 | 72 | 21.11.2016 | CAR | SANTRO | DL2CM0318 | G4HCXM05261 | - | 363,366A, IPC & 6,16 POCSO ACT | W.P.S. |
| 71 | 15 | 11.01.2019 | M/C | SPLENDER | - | MBLHAHAR 081111C822059 | | 506 IPC 6 POCSO ACT | W.P.S |
| 72 | IMPOUND | - | M/C | CD DELUXE | HR27C0520 | MBLHA11ENA9E1702 | - | 207 M.V Act | W.P.S |
| 73 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | RJ-05BS.2171 | MBLHAROHH4L06744 | HA10ABH4L11234 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 74 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | NIL | NIL | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 75 | IMPOUND | 2021 | M/C | CT-BAJAJ | NIL | MD2B37AY5HPG15320 | PFYPHG15100 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 76 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-9348848 | MCHHA1231 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 77 | IMPOUND | 2021 | M/C | CD-DOWN | HR-5158303 | 05F27F07600 | 05F27E06635 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 78 | IMPOUND | 2021 | M/C | DISCOVER BAJAJ | NIL | NIL | SGBPB89487 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 79 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-27C5743 | MALHAW088K4G09386 | HA10AGK4G13935 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 80 | IMPOUND | 2021 | M/C | BULLT | DL-12SE8758 | ME3U3S5C1FE227083 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 81 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-287832 | MBLHA10EE9HC29750 | HA10EA89K09877 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 82 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-28A7026 | 04E16F16884 | 04E15E16920 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 83 | IMPOUND | 2021 | M/C | CD DELEX | HR-52E2700 | MBLHAR203HGK13934 | HA11EHHGK14494 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 84 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-28E7037 | MBLHA10AME22582 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 85 | IMPOUND | 2021 | M/C | CD DELEX | NIL | MBLHAW065K9J03193 | 108992 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 86 | IMPOUND | 2021 | M/C | CD DELEX | NIL | MBLHA11AZG9C16003 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 87 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-29G8842 | 98619F105 | 10994 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 88 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-28C5577 | MBLHA10AMDHE3874 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 89 | IMPOUND | 2021 | M/C | PASSION HERO | HR-281406 | 02E21C04178 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 90 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-932373 | MBLHA10AMD9A01413 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 91 | IMPOUND | 2021 | ACTIVA | HONDA ACTIVA | HR28H0244 | NIL | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 92 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | DL95Y2147 | MBLHA12EF99A0255 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 93 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-2782432 | MBLHA10EF89E29685 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 94 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | HR-27C2501 | MBLHA10EZA9E00577 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 95 | IMPOUND | 2021 | M/C | SPL+ | NIL | MBLHAW121N4036665 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 96 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR28E5203 | MBLHAW10CGFHK07201 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 97 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR28D5869 | MBLHA10AMC9E18366 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 98 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR-50B1762 | MBLHA10EJ99E0385 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 199 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | RJ-05519088 | MBLHAW10FB05165 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 100 | IMPOUND | 2022 | M/C | CD-DELEX | HR-36L0195 | 07D23F35270 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 101 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | RJ085L5762 | MBLHA10AMCH67091 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 102 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR27B6020 | MBLHA10EJ99F00550 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 103 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | RJ028L9290 | MBLHA10EE9HH19341 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 104 | IMPOUND | 2022 | M/C | PULSER BAJAJ | NIL | MD2A12DZ0ECD16376 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 105 | IMPOUND | 2022 | M/C | PASSON HONDA | DL35AJ7217 | 04K09C07908 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 106 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR-28A4869 | 04D161720512 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 107 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR28C3389 | 071716C24259 | NIL | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 108 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR27134308 | MBLHA10EJ99A0049 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 109 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR28C8765 | MBLHAW1OCB48D1942 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 110 | IMPOUND | 2022 | M/C | SPL+ | HR28A6186 | NIL | NIL | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 111 | IMPOUND | 2022 | [M/C | SPL+ | RJ40SF1540 | MBLHAW090KHC67972 | NIL | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 112 | IMPOUND | 2022 | M/C | CD DELUXE | 11R27H5625 | MBLHA1OESBGG0001 | NIL | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 113 | IMPOUND | 2022 | M/C | PASSION PRO | NIL | MBLHAIOBWFHE14942 | NIL | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 114 | IMPOUND | 19.02.2023 | M/C | SPL PRO | HR51AL4164 | MBLF1A10ABA9MO2204 | HA10EGA9M03160 | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 115 | IMPOUND | 18.03.2023 | M/C | HF DELUX | --------------- | MBLEIA7157H9M10496 | HAIIEMH9M10106 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 116 | IMPOUND | 27.07.2022 | M/C | SPL+ | HR28E8424 | MBLHAIOAMD9E04333 | HA10EJD9E05386 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 117 | IMPOUND | 02.05.2022 | M/C | HF DELUX | RJ02BA8534 | MBLHAR204H4M01105 | HAI IENH4MO2799 | 207 M.VAct | PUNIIANA |
| 118 | IMPOUND | 15.03.2022 | M/C | SPL+ | --------------- | MBLHAW090KHG17620 | HA10AGHG289836 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 119 | IMPOUND | 07.06.2022 | M/C | SPL+ | HR28B9244 | 03L16C38773 | 03L15M41751 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 120 | IMPOUND | 10.06.2022 | M/C | PULSOR | --------------- | MD2DHDJZZUCG58256 | DJGBUG18006 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 121 | IMPOUND | 07.04.2022 | M/C | HF DELUX | --------------- | MBLHAW084K4 | HAIOACKHA99055 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 122 | IMPOUND | 06.01.2022 | M/C | HF.DELUX | --------------- | MBLHA11ED99C00131 | HAI IEA99C00067 | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 123 | IMPOUND | 25.02.2022 | M/C | SPL + | HR27C7065 | MBLHA10EZB9E05315 | HA1OEFB9E04311 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 124 | IMPOUND | 04.07.2022 | M/C | SPL+ | HR28C7304 | MBLHA10EJ99M09486 | HA10EA99M17416 | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 125 | IMPOUND | 01.04.2022 | M/C | SPL + | DL5 ET 8568 | MBLHAW124MHA65706 | 11A11EYMI1A59570 | 207 NI.V Act | PUNHANA |
| 126 | IMPOUND | 17.04.2022 | M/C | SPL+ | HR28E1441 | MBLHAIOASD9E03 | HA10ELD9E05754 | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 127 | IMPOUND | 06.05.2022 | M/C | IIF DELUX | RJ02BT5155 | MBLHAW102L4K05107 | HAI 1EXL4K05080 | 207 MN Act | PUNHANA |
| 128 | IMPOUND | 28.06.2022 | M/C | SPL + | --------------- | MBLHAW122M11H26357 | FIAIIEDN1111152348 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 129 | IMPOUND | 31.03.2022 | M/C | SPL + | --------------- | MBLHAIOAMDHD16049 | HA10M:11125541 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 130 | IMPOUND | 18.06.2021 | M/C | SPL + | HR28B4859 | | 04E15E01076 | 207 MN Act | PUNHANA |
| 131 | IMPOUND | 29.05.2021 | M/C | SPL+ | --------------- | MBLIIAIOCGGH1:83231 | 11A10ERGHE81312 | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 132 | IMPOUND | 12.09.2021 | M/C | SPL+ | --------------- | MBLHAR083J11A6960 | IIA10AWHAH0900 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 133 | IMPOUND | 03.07.2021 | M/C | SPL + | --------------- | MBLHAR078114E02387 | HAIOAGII4E05127 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 134 | IMPOUND | 28.09.2021 | M/C | SPL+ | --------------- | MBLHAW124141F10400 | 11A1 IEDMIIF11939 | 207 M.VAct | PUNHANA |
| 135 | IMPOUND | 21.11.2021 | M/C | SPL+ | HR52B8714 | MBLI IA10EZC9B13642 | HA1OEFC9B21272 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 136 | IMPOUND | 30.09.2021 | M/C | SPL+ | 11R27C7699 | MBLHA10EZB9F01785 | HA1OFFA9F01953 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 137 | IMPOUND | 10.01.2022 | M/C | SPL+ | HR51AP9956 | MBLHA10EZB9L03694 | HA1OEFB9L05294 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 138 | IMPOUND | 15.12.2021 | M/C | SPL+ | HR28E9102 | MBLHAIOAMF9B011342 | HA10EJF9B03342 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 139 | IMPOUND | 16.12.2021 | M/C | SPL+ | HR526746 | 04816F20818 | 04815E20976 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 140 | IMPOUND | 18.12.2021 | M/C | SPL+ | --------------- | MBLHAW086K4B00661 | 11A10AGK4B00912 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 141 | IMPOUND | 01.03.2022 | M/C | SPL + | --------------- | MBLHAW088K4G07268 | HA10EGK4G11780 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 142 | IMPOUND | 01.01.2022 | M/C | SPL+ | --------------- | MBLHAW080KI IG20149 | HAIOAGKHJ31054 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 143 | IMPOUND | 30.01.2022 | M/C | SPL + | HR28B8209 | MBLHA10EJ99/31138 | HA10EA99D22990 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 144 | IMPOUND | 25.03.2022 | M/C | SPL + | --------------- | MBLHA1OADB9K23992 | HAI IENHHK08665 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 145 | IMPOUND | 03.05.2022 | M/C | SPL + | --------------- | MBLHA1OBWFHD14330 | HA10EWFHU05122 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 146 | IMPOUND | 08.06.2022 | M/C | SPL+ | HE28B6290 | MBLHA10EJ89G06535 | HA10EA89G21355 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 147 | IMPOUND | 12.08.2023 | M/C | PULSOR | --------------- | MP2DHDHZZTCA01296 | DHBTA90578 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 148 | IMPOUND | 04.10.2023 | M/C | SPL+ | HR28C2507 | HA10EJA9E08349 | HA10EAA9E12452 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 149 | IMPOUND | 25.10.2023 | M/C | SPL PRO | HR28F2792 | MBLIIA10BMFHE06735 | HA10ERFHE55785 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 150 | IMPOUND | 20.07.2024 | M/C | HF DELUX | HR28H2692 | MBLHAR234N9C20862 | HAI1ENN9C23461 | 207 M.V Act | PUNHANA |
| 151 | 102 CRPC | 27.07.2023 | AUTP CNG | SPL PRO | .--------------- | MD2B47AX1PWB78618 | AZXWPB8251 | 102 CRPC | PUNHANA |
| 152 | 102 CRPC | 14.01.2024 | M/C | PULSOR | --------------- | --------------- | JLYCHL09437 | 102 CRPC | PUNHANA |
| 153 | IMPOUND | 13.10.2022 | M/C | SPL+ | RJ05RS1386 | --------------- | --------------- | 207 MX Act | PUNHANA |

पीआरडीएच-1084/11/3325/2026/34330/88/7 दि. 30.04.25

हस्ता/- पुलिस अधीक्षक, नूंह

## चिंतन

# जाति जनगणना बिलकुल सही, सावधानी भी जरूरी

जनगणना किसी भी देश, समाज के विकास की धुरी होती है। जनगणना के आंकड़ों से ही सरकार को अंतिम छोर तक बैठे आम नागरिक, परिवार की सही जानकारी मिलती है। जनगणना के दौरान सिर्फ लोगों की संख्या नहीं गिनी जाती, बल्कि उनके घर-परिवार, धर्म, भाषा, शिक्षा और रोजगार और सुविधाओं के बारे में भी पूछा जाता है, जिससे शासन को पता लगता है कि उसके द्वारा चलाई गई योजनाओं का कितना लाभ आमजन तक पहुंचा है। 2011 में हुई जनगणना में लोगों से कुल 29 सवाल पूछे गए थे, लेकिन इनमें जाति से जुड़ा प्रश्न शामिल नहीं था। इसे लेकर विपक्ष लगातार सवाल भी उठा रहा था। बिहार समेत अनेक राज्य सरकारों ने प्रदेश में जाति जनगणना करवाना भी शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने बकाया इसके लिए प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा कि देश में जल्द से जल्द जाति जनगणना करवाई जानी चाहिए। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने कैबिनेट की बैठक में जाति जनगणना करवाने का फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6 प्रतिशत थी। ऐसा नहीं है कि देश में जाति जनगणना पहली बार हो रही है। आजादी से पहले जनगणना में सभी लोगों की जाति पूछी जाती थी। 1947 में देश के आजाद होने के बाद जाति संबंधित आंकड़े इकट्ठे न करने का फैसला लिया गया। डर था कि जाति पूछने से जाति व्यवस्था की जड़ें और गहरी होती जाएंगी। हालांकि, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों की गिनती जारी रही। यानी देश में एससी-एसटी वर्ग के लोगों की गिनती तो होती है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य वर्ग के लोगों की गिनती नहीं की जाती। कई सालों से कई राजनीतिक पार्टियां और संगठन जाति जनगणना करवाने की मांग कर रहे थे। डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-2 के शासनकाल में भी जाति आधारित जनगणना की मांग जोर-शोर से उठी थी। सरकार ने 2011 में 'सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना भी करवाई थी, लेकिन इसके आंकड़े जारी ही नहीं किए गए। अब इसकी सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। जाति जनगणना से ही पता लग पाएगा कि देश की किसी समाज ने कितनी उन्नति की गई। जो पिछड़े रह गए हैं, उन्हें भी आगे लाने के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी। जातिगत जनगणना कई अन्य नीतिगत सवालों के लिए भी जरूरी है। क्या एससी/ एसटी/ ओबीसी कोटा के अंदर उप-वर्गीकरण होना चाहिए। क्या कुछ जातियों को ओबीसी कोटा का लाभ नहीं मिलना चाहिए। क्या एससी/ एसटी वर्ग में भी क्रीमीलेयर होनी चाहिए। हां, इसके लिए बहुत सावधानी भी रखनी होगी। साल 1990 में सरकार ने मंडल आयोग की सिफारिश पर ओबीसी वर्ग को सरकारी नौकरियों में 27 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। उसके बाद देशभर में खूब विरोध प्रदर्शन हुए। देश में तनाव के हालात पैदा हो गए। अगर जातिगत जनगणना के बाद आरक्षण बढ़ाने की मांग उठी, तो जाति-वर्गों के आपसी रिश्ते फिर बिगड़ सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर आगे बढ़े और इसका ध्येय सबका साथ सबका विकास ही रहे।



वेव्स समिट
मुरारी गुप्ता

# प्रसार भारती लाएगा कंटेंट क्रांति

**भारत में पहली बार मुंबई में हो रहे वेव्स 2025 (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के जरिए प्रसार भारती ने अपने नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी की घोषणा की है। यह सम्मेलन आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित हो रहा है। यह पहल न केवल कंटेंट की दुनिया को नया आकार देगी, बल्कि नए कलाकारों, क्रिएटर्स और तकनीकी पेशेवरों को भी अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगी। वेव्स 2025 भारतीय डिजिटल स्पेस को नई दिशा देने के लिए तैयार है। वेव्स ओटीटी, प्रसार भारती का आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसे खासतौर पर भारतीय मूल्यों, विविधताओं और भारतीयता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।**

भारत में मीडिया और मनोरंजन जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों के कंटेंट देखने के तौर-तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। इसी परिवर्तनशील माहौल में अब प्रसार भारती ने भी एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। भारत में पहली बार मुंबई में हो रहे वेव्स 2025 (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के जरिए प्रसार भारती ने अपने नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी की घोषणा की है। यह सम्मेलन आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित हो रहा है। यह पहल न केवल कंटेंट की दुनिया को नया आकार देगी, बल्कि नए कलाकारों, क्रिएटर्स और तकनीकी पेशेवरों को भी अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगी। वेव्स 2025 भारतीय डिजिटल स्पेस को नई दिशा देने के लिए तैयार है। वेव्स ओटीटी, प्रसार भारती का आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसे खासतौर पर भारतीय मूल्यों, विविधताओं और भारतीयता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। इस मंच पर समाचार, मनोरंजन, शिक्षा, संस्कृति, खेल और बच्चों के लिए सामग्री जैसी विभिन्न श्रेणियों के कार्यक्रम उपलब्ध होंगे। वेव्स ओटीटी का उद्देश्य बड़े निजी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की एकरूपता से अलग हटकर भारतीय भाषाओं, ग्रामीण भारत की कहानियों और पारंपरिक कला को प्रमुखता देना है। इस मंच पर "लोकल टू ग्लोबल" सिद्धांत के तहत देश के हर कोने की आवाज़ को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की योजना है। मुंबई में हो रहा ऐसा पहला बड़ा आयोजन है, जो प्रसार भारती के डिजिटल भविष्य की नींव रख रहा है।

इसका उद्देश्य स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं, लेखकों और कलाकारों को नए शो और प्रोजेक्ट्स में शामिल करना है। इसके अलावा भारतीय भाषाओं के पुनर्जागरण के लिए भी यह महत्वपूर्ण होने वाला है। हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, आदि में भी ओरिजिनल कंटेंट का निर्माण इसके तहत किया जाएगा। तकनीकी नवाचार के अंतर्गत फाइव जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल प्रोडक्शन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग होगा। स्टार्टअप्स के लिए वेव्स ओटीटी पर पार्टनर बनने के अवसर खोले जा रहे हैं। इस सम्मेलन का मकसद भारत की कहानियों को भारत की ही आवाज में वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है। ओटीटी के जरिए कंटेंट की दुनिया में बड़ा बदलाव आएगा। आज अधिकतर बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म एक सीमित और अक्सर पश्चिमी सोच से प्रेरित कंटेंट पर केंद्रित हैं। वेव्स ओटीटी इस एकरसता को तोड़ेगा। इसमें स्थानीय लोककथाओं, भारतीय इतिहास के अनछुए पहलुओं, भारतीय सामाजिक जीवन के विविध रंगों, आदिवासी जीवन की कहानियां, ग्रामीण नायकों के संघर्ष आदि का प्रस्तुतिकरण होगा। उदाहरण के तौर पर एक छोटे गांव की युवा खिलाड़ी की कहानी की बात करनी हो या फिर लुप्त होती लोककला को बचाने का संघर्ष। यह सब वेव्स ओटीटी पर मुख्यधारा में आएगा।

वेव्स ओटीटी के माध्यम से स्वतंत्र क्रिएटर्स को मंच मिलेगा। अब तक स्वतंत्र कलाकारों और निर्देशकों के पास बड़े प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच मुश्किल रही है। वेव्स ओटीटी सीधे स्वतंत्र क्रिएटर्स से प्रोजेक्ट्स आमंत्रित करेगा। उनके लिए ओपन पिचिंग सत्र आयोजित होंगे,



जहां नए लेखक, निर्देशक और निर्माता अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। यूं कह सकते हैं कि इससे बिना किसी गॉडफादर के भी प्रतिभा को पहचान और काम मिलेगा। और सबसे बड़ी बात इससे क्षेत्रीय भाषाओं में बड़ा अवसर मिलने वाला है। भारत की असली कहानी सुननी है तो उसकी क्षेत्रीय भाषाओं को सुनिये। वेव्स ओटीटी इन भाषाओं में कंटेंट तैयार कर न केवल स्थानीय दर्शकों को जोड़ने का काम करेगा, बल्कि विश्वस्तर पर भारतीय भाषाओं की पहचान को मजबूत करेगा। इससे भारतीय भाषाओं की पहुंच दुनियाभर तक होगी और लोग भारतीय भाषाओं को जानने और समझने का प्रयास करेंगे। वेव्स ओटीटी का विजन सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। इसकी रणनीति है भारतीय डायस्पोरा तक पहुंचना। यूएस, यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट में बसे करोड़ों भारतीय मूल के लोग इसके माध्यम से अपनी मिट्टी की कहानियों से जुड़ सकेंगे। दूसरे शब्दों में यह "ब्रांड इंडिया" को सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त करेगा। इसके माध्यम से देशभर में नई प्रतिभाओं को भरपूर मौका मिलने वाला है। वेव्स ओटीटी पर स्क्रिप्ट राइटिंग से लेकर एनीमेशन, वीडियो एडिटिंग, म्यूजिक प्रोडक्शन, वॉयस ओवर, आर्ट डायरेक्शन तक हर क्षेत्र में नए लोगों को काम करने का मौका मिलेगा। आने वाले समय में ओपन कास्टिंग कॉल और क्रिएटिव फेलोशिप प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे, जहां बिना किसी एजेंसी या सिफारिश के भी प्रतिभाशाली लोग सीधे आवेदन कर सकते हैं। आने वाले दिनों में केवल मुंबई या दिल्ली ही नहीं, बल्कि लखनऊ, भोपाल, जयपुर, पटना, कोच्चि जैसे शहरों के छोटे स्टूडियो भी वेव्स ओटीटी के साथ प्रोजेक्ट कर पाएंगे। इससे मीडिया और मनोरंजन उद्योग का विकेन्द्रीकरण होगा। आने वाले वक्त में वेव्स ओटीटी की शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी होगी। इससे छात्रों को इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आंदोलन की शुरुआत है। प्रसार भारती का वेव्स ओटीटी भारतीय मीडिया इंडस्ट्री में कंटेंट के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक साहसी कदम है। यह मंच भारतीयता को नई तकनीक और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसा डिजिटल भारत रचने वाला है, जहां हर कहानी को आवाज मिलेगी, हर सपने को उड़ान मिलेगी। 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' जैसे पहल के माध्यम से, नए फिल्ममेकर्स, गेम डेवलपर्स, और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

यह न केवल भारत में रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कंटेंट की मांग को भी बढ़ाएगा। इस बदलाव से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर क्षेत्रीय और स्थानीय कहानियों का प्रसार बढ़ेगा, जो सांस्कृतिक विविधता को दर्शाएगा। यह समिट भारतीय सिनेमा, वेब सीरीज, और गेमिंग उद्योग को वैश्विक दर्शकों तक ले जाने में मदद करेगा। साथ ही, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से विदेशी कंटेंट निर्माता भारतीय बाजार की संभावनाओं को समझेंगे, जिससे सह-निर्माण और क्रॉस-बॉर्डर प्रोजेक्ट्स में वृद्धि होगी। 'वेव्स बाजार' जैसे पहल के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों को निवेश और मेंटरशिप मिलने से मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, डिजिटल कंटेंट की बढ़ती मांग से फ्रीलांस क्रिएटर्स, एडिटर्स, और तकनीशियनों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सम्मेलन में इस बात पर चर्चा होगी कि कैसे मीडिया जिम्मेदारी के साथ कंटेंट प्रस्तुत कर सकता है, खासकर संवेदनशील मुद्दों पर। यह बदलाव डिजिटल और पारंपरिक मीडिया को अधिक विश्वसनीय और नैतिक बनाने में मदद करेगा।

(लेखक भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

श्रमिक दिवस विशेष
योगेश कुमार गोयल




# मेहनतकश हाथों को सलाम

विश्व के किसी भी देश की प्रगति को मापने का सबसे मौलिक और प्रभावशाली पैमाना उस देश के श्रमिक वर्ग की स्थिति होती है। चाहे उद्योग हो, व्यापार, निर्माण क्षेत्र, कृषि या सेवा क्षेत्र, हर स्थान पर श्रमिकों की मेहनत की नींव पर ही आर्थिक संरचना खड़ी होती है। यह वर्ग न केवल निर्माण करता है बल्कि देश की आर्थिक धुरी को गति भी देता है। 21वीं सदी के इस तकनीकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से युक्त युग में भी मानव श्रम की अनदेखी नहीं की जा सकती क्योंकि आज भी कई ऐसे कार्यक्षेत्र हैं, जहां मशीनीकरण के बावजूद मानव हस्तक्षेप अनिवार्य है। अतः श्रमिक दिवस मनाना केवल एक परंपरा नहीं बल्कि समर्पण है, उन करोड़ों श्रमिकों के प्रति, जिनके पसीने से राष्ट्र निर्माण होता है। प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस उसी बलिदान और संघर्ष की स्मृति है, जिसने दुनियाभर में श्रमिकों के अधिकारों को एक दिशा देने का कार्य किया। इसका आरंभ 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में हुए एक ऐतिहासिक हड़ताल से हुआ, जिसमें श्रमिकों ने 8 घंटे की कार्यावधि सुनिश्चित करने की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन किया। यह वह समय था, जब मजदूरों से दिन-रात 12 से 16 घंटे तक कार्य लिया जाता था और कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। जब शिकागो के हेय मार्केट में प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा गोलीबारी की गई और कई मजदूरों की मृत्यु हुई तो यह घटना दुनियाभर में एक चेतना की चिंगारी बन गई। भारत में श्रमिक दिवस पहली बार 1 मई 1923 को चेन्नई में मनाया गया था, जब कामरेड सिंगारवेलू चेट्टियार ने इसका आयोजन किया। यह पहल इस विचार से प्रेरित थी कि जब पूरी दुनिया के मजदूर एकता का प्रतीक दिवस मना रहे हैं तो भारत को इससे अछूता नहीं रहना चाहिए। यही कारण है कि आज यह दिन एक राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्य है । समय के साथ विश्व की आर्थिक व्यवस्थाएं बदली हैं, श्रम कानूनों में अनेक सुधार हुए हैं, तकनीक ने कुछ कार्यों को सुगम बनाया है लेकिन आज भी करोड़ों श्रमिक न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य वातावरण से वंचित हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, विश्वभर में लगभग 200 करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं, जिनमें से 61 प्रतिशत श्रमिकों को किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा प्राप्त नहीं है। भारत में ही करीब 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में आता है, जो बिना किसी स्थायी अनुबंध, स्वास्थ्य बीमा, पीएफ या पेंशन योजना के कार्य करता है। हालांकि सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे 'ई-श्रम पोर्टल', 'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना', 'प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना' लेकिन इनके क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर खामियां देखी जा सकती हैं। उदाहरण के लिए, मार्च 2024 तक ई-श्रम पोर्टल पर 29 करोड़ से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका था लेकिन इनमें से मात्र 13 प्रतिशत को ही किसी न किसी सरकारी योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिला। महिला श्रमिकों की स्थिति और भी दयनीय है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार, घरेलू कामगारों, खेतिहर मजदूरों और ईंट भट्टों में काम करने वाली महिलाओं को यौन शोषण, वेतन भेदभाव और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्रमिक दिवस का वास्तविक उद्देश्य वर्षभर श्रमिकों के लिए सम्मानजनक जीवन, उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, सामाजिक सुरक्षा और न्यायपूर्ण नीतियों की दिशा में प्रयास करने की चेतावनी है। यह दिन हमें सोचने को विवश करता है कि जब हम ऊंची-ऊंची इमारतों, चमकते मॉल, चौड़ी सड़कों और विकसित शहरों की बात करते हैं तो उन सबके पीछे किसका श्रम छिपा है? आज भी हमें यह विचार करना पड़ता है कि करोड़ों मजदूर क्यों न्यूनतम वेतन से वंचित हैं, क्यों उनके घरों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है और क्यों उनका श्रम केवल शोषण बनकर रह गया है। जब हम एक निर्माण स्थल पर मजदूर को देखते हैं तो उसमें केवल एक श्रमिक नहीं बल्कि देश निर्माता देखना होगा। जब हम किसी घरेलू सहायिका को देखते हैं तो उसमें सेवा नहीं, आत्मसम्मान की भावना देखनी होगी। जब हम किसी खेत में काम कर रहे किसान को देखते हैं तो उसमें केवल एक ग्रामीण नहीं बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा का प्रहरी देखना होगा। यदि हमें अपने राष्ट्र को वास्तव में मजबूत बनाना है तो अपने श्रमिकों को मजबूत बनाना होगा, उनके श्रम को सम्मान देना होगा, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देनी होगी और उन्हें वह अधिकार देने होंगे, जिनके वे सच्चे अधिकारी हैं। केवल तभी यह दिन अपने वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति कर पाएगा और सच्चे अर्थों में श्रमिकों को सम्मान दिला पाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है-कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हमें कमजोर समझने की भूल न करे पाकिस्तान

हाल ही में पहलगाम में मानवता को शर्मसार करने वाला आतंकी हमला निर्दोष और निहत्थे लोगों पर हुआ, उसके लिए पाकिस्तान माफ करने योग्य बिल्कुल नहीं है। अगर पाकिस्तान का इस हमले में हाथ नहीं होता और वह हमारे देश के प्रति जरा भी हमदर्दी रखता तो वह पहलगाम में हुए नरसंहार पर दुख जताता और आतंकवाद के विरुद्ध वैसी ही आवाज उठाता जैसे दुनिया के दूसरे देश हमारे साथ दुख की घड़ी में साथ खड़े दिख रहे हैं। लेकिन नहीं, अपने यहां पाली आतंकवाद की फसल को पाकिस्तान खुद कैसे बर्बाद कर सकता है? पाकिस्तान हिंसा पर विश्वास रखता है, जबकि हमारा देश जानता है कि युद्ध या हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। वास्तव में पाकिस्तान हमें कमजोर समझने की भूल कर रहा है। *-विष्णु साहू, धमतरी*

## ट्रेंड

### मेरी गहरी संवेदना



कोलकाता की एक इमारत में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत की दुखद खबर बहुत परेशान करने वाली और दर्दनाक है। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### अद्भुत अनुभव



दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित 'रन फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन' के लिए मैराथन में छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा! युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### भाजपा की मनमानी



राजस्थान की भाजपा सरकार मनमाने तरीके से पंचायती राज एवं नगरीय निकायों का पुनर्गठन कर रही है। मैं ऐसा पहली बार देख रहा हूं कि सारे नियम-कानून तोड़े जा रहे हैं।
-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### केंद्र सरकार झुकी



राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना की माँग सबसे पहले उठायी थी और अंततः भाजपा की केंद्र सरकार को राहुल गांधी की माँग के आगे झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना पर सहमत होना पड़ा।
-कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

## करंट अफेयर

### रूस ने चीन को एस-400 वायु रक्षा मिसाइल दी



रूस ने चीन को अत्याधुनिक एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति की है जिसमें 'आश्चर्यजनक बातें' हैं। लेकिन चीन अब भी कुछ बातों को लेकर परेशान है। रूसी 'एस-400 ट्रायम्फ'' वायु रक्षा प्रणाली को अपनी श्रेणी में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों के तौर पर प्रतिष्ठा प्राप्त है। उसे उनकी अच्छी विशेषताओं और विभिन्न प्रकार के हवाई लक्ष्यों को रोकने की क्षमता के लिए जाना जाता है। चीन ने 2014 में कई 'एस-400 ट्रायम्फ' खरीदने के लिए रूस के साथ अरबों डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। कई वर्षों बाद, उस सौदे के बारे में रोचक विवरण सामने आए। इस सौदे ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया और इसे चीनी-रूसी सैन्य सहयोग का एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना गया। इसे चीन द्वारा अपनी राष्ट्रीय वायु रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी माना गया। हालांकि, चीनी इंटरनेट सेवा सोहू के विश्लेषकों ने कहा है कि चीन को दिए गए एस-400 सिस्टम का आज शायद ही कहीं कोई उल्लेख है। इसके अलावा, वे शायद ही कभी चीनी सेना की सार्वजनिक रिपोर्टों में दिखाई देते हैं, और उनकी तैनाती और उपयोग के बारे में वस्तुतः कोई खबर नहीं है।

## ऑफ बीट

### गर्मियों में घर के पिछले हिस्से को ऐसे ठंडा बनाएं



गर्मियों में ठंडक का एहसास पाने के लिए बगीचे की डिजाइन और रखरखाव को लेकर हम जो फैसले लेते हैं, मिसाल के तौर पर लॉन में प्राकृतिक घास लगानी है या 'आर्टिफिशियल टर्फ' बिछाना है, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आर्टिफिशियल टर्फ' कृत्रिम रेशों से बनी उस सतह को कहते हैं, जो प्राकृतिक घास की सतह की तरह नजर आती है। इसे आम तौर पर खेल के मैदानों और आवासीय लॉन में बिछाया जाता है। गर्मी के दिनों में 'आर्टिफिशियल टर्फ'' धूप की गर्मी को अवशोषित कर लेता है, जिससे इसकी सतह काफी गर्म हो जाती है और इसके संपर्क में आने वाले लोगों की त्वचा जल सकती है। वहीं, प्राकृतिक घास वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से खुद को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने में सक्षम है। ऐसे में बाग के लिए प्राकृतिक घास का चयन ज्यादा बेहतर विकल्प है। इसके अलावा, आप घर के पिछले हिस्से में मौजूद बागीचे में नियमित रूप से पानी का छिड़काव करके और घनी छांव देने वाले पेड़ लगाकर भी उसे ठंडा रख सकते हैं। आवासीय लॉन या बालकनी में 'आर्टिफिशियल टर्फ' का इस्तेमाल इसलिए बढ़ रहा है, क्योंकि यह न केवल सस्ता होता है, बल्कि इसका रखरखाव भी आसान होता है।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

वेव्स सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



## पीएम मोदी आज से महाराष्ट्र केरल और आंध्र प्रदेश दौरे पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 और 2 मई को महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 1 मई को मुंबई जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वे केरल जाएंगे और 2 मई को सुबह करीब 10:30 बजे विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम मोदी इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी आंध्र प्रदेश जाएंगे और दोपहर करीब 3:30 बजे अमरावती में 58,000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में भारत के अपनी तरह के पहले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 'वेव्स 2025' का उद्घाटन करेंगे।

# हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी दिलाने के लिए कदम उठाए केंद्र सरकार: सैलजा

### कहा,भाखड़ा के पानी को लेकर सरकार ने आवाज न उठाई तो इसका हश्र भी सतलुज यमुना लिंक नहर की भांति होगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अगर हरियाणा सरकार ने अपने हिस्से के भाखड़ा के पानी को लेकर आवाज नहीं उठाई तो इसका हश्र भी सतलुज यमुना लिंक नहर की भांति होगा। सरकार अपने हिस्से को पूरा पानी लेने के लिए जो भी कदम उठाएगी कांग्रेस उसका पूरा सहयोग करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इसमें दखल करते हुए हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी दिलाने के लिए कदम उठाना चाहिए।



सैलजा ने कहा कि पंजाब और हरियाणा सरकार के बीच में पानी का लेकर समझौता हुआ था। इसके तहत भाखड़ा नहर से पंजाब हरियाणा और राजस्थान को पानी देता है। अभी तक पंजाब हरियाणा को डेली साढ़े 9 हजार क्यूसिक पानी दे रहा था, जिसे 15 दिन पहले से घटाकर 4 हजार क्यूसिक कर दिया गया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद सरकार एसवाईएल नहर बनाने में असफल रही है। अगर एसवाईएल नहर बन गई होती तो यह हरियाणा के लिए जीवन रेखा साबित होती। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस राज में एसवाईएल नहर का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया था। पर भाजपा सरकार इसके बाद नहर को पूरा नहीं कर पाई, जबकि पंजाब सरकार ने कड़ा रूख अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की पालना न करते हुए इसे डी नोटिफाइड कर दिया था और पंजाब में नहर में मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया गया था। सैलजा ने कहा है कि हरियाणा सरकार इस मामले में पूरी तरह से लापरवाह बनी रही, वह न तो पंजाब पर नहर निर्माण के लिए दवाब बना सकी और न ही केंद्र में भाजपा की सरकार होते हुए भी वह सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करवाकर एसवाईएल नहर का निर्माण करवा सकी। उन्होंने कहा कि भाखड़ा नहर का निर्माण 1954 में हुआ तब संयुक्त पंजाब था ताकि हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, कुरूक्षेत्र, जींद को सिंचाई और पीने के लिए पानी मिल सके। सैलजा ने कहा कि दोनों राज्यों के बीच में जो समझौता हुआ था उसके तहत पंजाब किसी भी सूरत में हरियाणा के हिस्से का पानी नहीं रोक सकता। भाखड़ा नहर की सफाई न होने पर टेल पर पूरा पानी नहीं पहुंच रहा था, नहरों की सफाई को लेकर उनकी ओर से मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र भी लिखा गया था अगर नहरों की साफ सफाई हो गई तो भाखड़ा में छोड़ा गया पानी पूरी मात्रा में टेल तक पहुंचता।

सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के हिस्से के पानी के लिए जो भी कदम उठाएगी कांग्रेस की ओर से उसे पूरा सहयोग दिया जाएगा।

*कैबिनेट ने 2025-26 सीजन के लिए चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को देय गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को मंजूरी*

# गन्ना किसानों के लिए 355 रुपए प्रति क्विंटल का उचित एवं लाभकारी मूल्य स्वीकृत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

### इस निर्णय से 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत 5 लाख श्रमिकों को लाभ होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए 2025-26 (अक्टूबर-सितंबर) सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपए प्रति क्विंटल स्वीकृत किया है। इसकी मूल वसूली दर 10.25 प्रतिशत होगी जिसमें 10.25 प्रतिशत से अधिक वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के लिए 3.46 रुपए प्रति क्विंटल का प्रीमियम प्रदान किया जाएगा तथा वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की कमी के लिए एफआरपी में 3.46 रुपए प्रति क्विंटल की कमी की जाएगी।

हालांकि, गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि जिन चीनी मिलों की वसूली 9.5 प्रतिशत से कम है, उनके मामले में कोई कटौती नहीं की जाएगी। ऐसे किसानों को 2025-26 के आगामी सीजन में गन्ने के लिए 329.05 रुपए प्रति क्विंटल मिलेंगे। 2025-26 सीजन के लिए गन्ने की उत्पादन लागत (ए2+एफएल) 173 रुपए प्रति क्विंटल है। 10.25 प्रतिशत की रिकवरी दर पर 355 रुपए प्रति क्विंटल का यह एफआरपी उत्पादन लागत से 105.2 प्रतिशत अधिक है। 2025-26 सीजन के लिए एफआरपी, मौजूदा 2024-25 सीजन से 4.41 प्रतिशत अधिक है।



यह स्वीकृत एफआरपी चीनी मिलों द्वारा 2025-26 (1 अक्टूबर, 2025 से शुरू) सीजन में किसानों से गन्ने की खरीद के लिए लागू होगी। चीनी क्षेत्र एक महत्वपूर्ण कृषि आधारित क्षेत्र है जिसमें लगभग 5 करोड़ गन्ना किसान और उनके आश्रितों की आजीविका जुड़ी हुई है और चीनी मिलों में लगभग 5 लाख श्रमिक प्रत्यक्ष रूप से कार्यरत हैं। इसके अलावा वे लोग कृषि मजदूरी और परिवहन सहित विभिन्न सहायक गतिविधियों में भी कार्यरत हैं। एफआरपी का निर्धारण, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर तथा राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के परामर्श के बाद किया गया है। पिछले 2023-24 सीजन में देय 1,11,782 करोड़ रुपए के बकाए में से 28 अप्रैल 2025 तक किसानों को लगभग 1,11,703 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार 99.92 प्रतिशत बकाये का भुगतान किया जा चुका है। चालू सीजन 2024-25 में देय 97,270 करोड़ रुपए के बकाये में से 28.04.2025 तक किसानों को लगभग 85,094 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार 87 प्रतिशत गन्ना बकाए का भुगतान किया जा चुका है।

हनुमानगढ़ी में 288 साल पुरानी परंपरा बदली

## गद्दीनशीन महंत पहली बार बाहर निकले रामलला के दर्शन की इच्छा जताई थी

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन ने 288 साल पुरानी परंपरा बदल दी। पहली बार गद्दीनशीन महंत हनुमानगढ़ी से बाहर निकले। महंत प्रेमदास 8 साल से गद्दीनशीन हैं। इस अवधि में वह कभी भी बाहर नहीं आए। प्रेमदास ने रामलला के दर्शन की इच्छा जताई थी। कहा था- मेरे सपने में हनुमान जी आए थे। उन्होंने रामलला के दर्शन करने का आदेश दिया था। इसके बाद उन्होंने अखाड़े के सभी सदस्यों की 21 अप्रैल को बैठक बुलाई। इस बैठक में परंपरा बदलने के फैसले पर मुहर लगी।



### सौ साल से पुराना है हनुमान संविधान

संकट मोचन सेना के अध्यक्ष महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी संजय दास ने बताया- 288 साल (1737) से यह परंपरा है। ऐसा इसलिए है कि गद्दीनशीन सिर्फ हनुमान जी की सेवा करें। हनुमानगढ़ी का संविधान 1925 में लिखा गया, जो परंपराएं शुरू से चली आ रही थीं।

उन्हें लिखित में संतों ने मान्यता दी। इसके अनुसार, गद्दीनशीन का पद संभालने के बाद गद्दी पर आसीन महंत 52 बीघे में फैले हनुमानगढ़ी परिसर में ही रहते हैं। वह यहीं पर हनुमान जी की सेवा करते हैं। मृत्यु के बाद ही उनका शरीर परिसर के बाहर जा सकता है।

### 1980 के दशक में कोर्ट ही हनुमानगढ़ी में लगी

संजय दास ने बताया- हनुमानगढ़ी का संविधान इतना सख्त हैं कि गद्दीनशीन को स्थानीय अदालतों में भी पेश होने से रोक दिया जाता था। वह कोर्ट में भी नहीं जा सकते थे, बल्कि 1980 के दशक में कोर्ट ही हनुमानगढ़ी में लगी थी। वहीं जज बैठे थे।

केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना के फैसले के बाद बोले विपक्षी दल

## विपक्ष के 'हाथ से फिसला' जातिगत गणना का मुद्दा, बोले- हेडलाइन मैनेजमेंट तो नहीं?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के विरोधी दल लंबे समय से केंद्र की मोदी सरकार को जातिगत आधारित जनगणना कराने को लेकर घेरने का प्रयास कर रहे थे। केंद्र ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लेकर एक झटके में विपक्ष का यह मुद्दा खत्म कर दिया। अब तमाम विपक्षी नेता अलग अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कांग्रेस जाति जनगणना को लेकर काफी मुखर थी। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियों ने सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है, और पूछा है कि कहीं ये हेडलाइन मैनेजमेंट तो नहीं है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का कहना है कि सरकार तो राहुल गांधी पर समाज को जातियों में बांटने का आरोप लगा रही थी, तो क्या सरकार अब समाज को जातियों में बांटेगी? उन्होंने कहा कि जो आजतक राहुल गांधी पर जातियों में बांटने का आरोप लगा रहे थे, अब वे ही इसे सरकार का मास्टरस्ट्रोक बताएंगे। केंद्र के फैसले पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव की भी प्रतिक्रिया आई है। उनका कहना है, हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले सोचते हैं।

### जदयू ने फैसले का किया स्वागत







जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने जाति जनगणना के सरकार के फैसले पर कहा कि एनडीए की केंद्र की सरकार ने देश में जातीय जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। निश्चित रूप से यह स्वागत योग्य कदम है। आप सभी जानते हैं कि हमारे नेता नीतीश कुमार ने या हमारी पार्टी में लंबे समय से इस मांग को विभिन्न प्लेटफार्म पर उठाया है। चाहे वह विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाना हो, सर्वदलीय सहमति बनानी हो, केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री तक अपनी बात पहुंचनी हो।

### इसलिए महत्वपूर्ण है जातिगत गणना

जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, आर्थिक स्थिति कई अहम पहलुओं का पता चलता है।






# चहल की हैट्रिक, अय्यर और प्रभसिमरन के अर्धशतक से पंजाब किंग्स जीता, सीएसके प्लेऑफ की दौड़ से बाहर



■ अय्यर ने 72 रन की शानदार पारी खेली, मैन ऑफ द मैच बने, चहल ने 32 रन देकर 4 विकेट झटके

**चेन्नई (भाषा)।** पंजाब किंग्स युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (72 रन) और प्रभसिमरन सिंह (54 रन) के अर्धशतकों की मदद से बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को छह विकेट से हराकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स अब छह जीत से 13 अंक लेकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (14 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है।

वहीं सीएसके की टीम लगातार पांचवीं हार के बाद इस सत्र में टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। 10 मैच में दो जीत से चार अंक लेकर सीएसके लगातार दूसरी बार प्लेऑफ से बाहर हो गई। अय्यर और प्रभसिमरन ने दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 72 रन की साझेदारी बनाकर पंजाब किंग्स को सीएसके के 191 रन के लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर किया। पंजाब की टीम ने दो गेंद रहते जीत दर्ज की। अय्यर ने 41 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और चार छक्के जड़े जबकि प्रभसिमरन ने 36 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के



जमाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या और शशांक सिंह ने 23-23 रन का योगदान दिया। शशांक सिंह को डेवाल्ड ब्रेविस ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर शानदार तरीके से आउट किया। डीप मिडविकेट पर ब्रेविस ने सीमारेखा के अंदर बाहर अंदर होते हुए हवा में शानदार कैच लपका। सीएसके के लिए खलील अहमद और माथिशा पाथिराना ने दो दो जबकि जडेजा और नूर अहमद ने एक एक विकेट झटका। इससे पहले सैम करन (88 रन) के चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बनाए गए अर्धशतक के बावजूद सीएसके चहल (32 रन देकर चार विकेट) की हैट्रिक से 19.2 ओवर में 190 रन पर सिमट गई। करन ने 47 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और चार छक्के लगाकर इस सत्र में पहली अर्धशतकीय पारी खेली तथा टीम को पावरप्ले में तीन विकेट पर 48 रन के स्कोर से अच्छी स्थिति में पहुंचाया। उनके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 32 रन का योगदान दिया। करन ने ब्रेविस के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन की मजबूत साझेदारी निभाकर पंजाब किंग्स के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। 16वें ओवर तक सीएसके ने लगभग नौ रन प्रति ओवर की दर से अच्छा प्रदर्शन किया, तब इंग्लैंड के ऑलराउंडर करन ने सूर्यांश शेडगे की गेंदों को धुना। उन्होंने पहली दो गेंदों पर लॉन्ग-ऑफ और डीप स्क्वायर लेग पर छक्के लगाए। फिर तीसरी गेंद पर श्रेयस अय्यर ने इसी ओवर का तीसरा छक्का रोकने के लिए डाइविंग करनी पड़ी। लेकिन करन ने अपना काम पूरा नहीं किया था और अगली दो गेंदों को गैप से निकालते हुए बाउंड्री लगाई।

## मुंबई 5 मैचों से अजेय, आज दिखेगा राजस्थानी वैभव



**जयपुर।** पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नए जोश के साथ उतरेगी। उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग में पांच बार की चैंपियन का विजय अभियान रोकना होगा। राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है। कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### जोकोविच इटालियन ओपन से हटे, तीन हार से निराश

**रोम।** अपना 100वां खिताब जीतने की कवायद में लगे नोवाक जोकोविच ने लगातार तीन मैचों की हार के बाद इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच का यह फैसला फ्रेंच ओपन के लिए तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है जहां वह रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे। रोम में क्ले-कोर्ट पर होने वाले इटालियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों में सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी कि जोकोविच इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था।

### इंग्लैंड साउदी को बनाएगा तेज गेंदबाजी सलाहकार

**लंदन।** भारत के खिलाफ इन गर्मियों में होने वाली पांच टेस्ट मैच की महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टिम साउदी को अपना तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाने पर विचार कर रहा है। न्यूजीलैंड का यह 36 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जगह लेने के दावेदारों में से एक है, जिन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह पद संभाला था। एंडरसन काउंटी क्रिकेट में खेलने के कारण इस सत्र के लिए उपलब्ध नहीं हैं। साउदी ने पिछले साल दिसंबर में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उनके नाम पर 391 टेस्ट विकेट दर्ज हैं।

### टी20 : मई में पाकिस्तान दौरा करेगा बांग्लादेश

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पुष्टि की कि बांग्लादेश टीम अगले महीने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये यहां आयेगा और फैसलाबाद में 17 साल बाद अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। बांग्लादेश ने पिछले साल दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान दौरा किया था और श्रृंखला 2.0 से जीती थी। सफेद गेंद की यह श्रृंखला भावी दौरा कार्यक्रम का हिस्सा है जिसमें पहले तीन वनडे और तीन टी20 खेले जाने थे। पांच मैचों की श्रृंखला 25 मई से तीन जून तक फैसलाबाद और लाहौर में खेली जाएगी।

## मीडिया रिपोर्ट में दावा : मई के दूसरे सप्ताह में किया जाएगा टीम का चयन

# रोहित को इंग्लैंड दौरे की कमान, 35 खिलाड़ी शॉर्ट लिस्ट, सुदर्शन-नायर को मिलेगा मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के इंग्लैंड दौरे को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में इस बात का दावा किया गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भी रोहित शर्मा ही कप्तान होंगे। इसके अलावा, भारत और इंडिया ए के लिए कुल 35 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। टीम का चयन मई के दूसरे सप्ताह तक तक किया जा सकता है। साई सुदर्शन को बैकअप खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि रजत पाटीदार और करुण नायर को नंबर 5 और 6 पर खेलने के लिए विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। कुलदीप यादव की वापसी की संभावना जताई जा रही है, जो टीम के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है बीसीसीआई ने ट्रैवल प्लान यात्रा की व्यवस्था शुरू कर दी है। सेलेक्टर्स को मई के दूसरे सप्ताह तक टीमों का चयन करने की उम्मीद है। टीम में सेलेक्शन के दौरान चिंता का एक बड़ा केंद्र नंबर 5 या 6 पर मध्य-क्रम टेस्ट बल्लेबाज को ढूंढ़ना माना जा रहा है। सेलेक्टर्स रजत पाटीदार और करुण नायर को इस कमी को पूरा करने के लिए देख रहे हैं। इन दोनों को भारत 'ए' सीरीज में आजमाया जा सकता है, जो 25 मई को आईपीएल समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर शुरू होगी।



### सरफराज पर भरोसा नहीं

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया- रोहित शर्मा के कप्तान बनने की संभावना सबसे ज्यादा है, क्योंकि बोर्ड को लगता है कि इंग्लैंड दौरे के दौरान एक मजबूत कप्तान की जरूरत होगी, जैसे ऑस्ट्रेलिया दौरे में थी। मध्यक्रम के बारे में, टीम प्रबंधन ने सरफराज खान पर ज्यादा भरोसा नहीं दिखाया है। नायर और पाटीदार दोनों रेड बॉल के अनुभवी खिलाड़ी हैं और अच्छी फॉर्म में हैं, इसलिए उम्मीद है कि उनमें से एक को भारत 'ए' टीम में जगह मिल सकती है।

### अय्यर और अक्षर बाहर

दिलचस्प बात यह है कि श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल को अभी तक इस लस्टि में शामिल नहीं किया गया है। अय्यर को पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में उनके खराब प्रदर्शन के कारण बाहर कर दिया गया था। अंतिम फैसला अभी लिया जाना बाकी है। यह भी जानकारी मिली है कि साई सुदर्शन को इस सीरीज के लिए तीसरे सलामी बल्लेबाज के तौर पर देखा जा रहा है।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

| दिनांक | प्रारूप | शहर |
|---|---|---|
| 20-24 जून | टेस्ट | हेडिंग्ले |
| 2-6 जुलाई | टेस्ट | बर्मिंघम |
| 10-14 जुलाई | टेस्ट | लॉर्ड्स |
| 23-27 जुलाई | टेस्ट | मैनचेस्टर |
| 31 जुलाई से 4 अगस्त | टेस्ट | द ओवल |

### कुलदीप को भी मिलेगा मौका

रिपोर्ट में दावा है कि इस लस्टि में एक और अहम नाम कुलदीप यादव का भी है। कुलदीप काफी समय से विदेशों में टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद, चयनकर्ता कुलदीप को एक आक्रमक स्पिन विकल्प के तौर पर चुन सकते हैं।

### बैकअप पेसर होंगे रिजर्व खिलाड़ी

इस दौरे पर कुछ अच्छे रिजर्व खिलाड़ी भी साथ ले जाएंगे, जिनमें ज्यादातर बैकअप पेसर होंगे, जो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के विकल्प के तौर पर होंगे, साथ ही कुछ स्पिनर भी हो सकते हैं। सेलेक्टर्स मोहम्मद सिराज को लेकर चिंतित हैं क्योंकि बुमराह और शमी की अनुपस्थिति में वह मुख्य पेसर के रूप में कदम कारगर नहीं दिखे। कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी को भारत 'ए' टीम के साथ तीन फर्स्ट क्लास मैचों में खेलते हुए मैच अभ्यास करने को कहा जा सकता है।

## खास खबर

### थाईलैंड से चार जून को मैत्री मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम चार जून को अपने से अधिक रैंकिंग वाले थाईलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम अभी एएफसी एशियाई कप 2027 के क्वालीफायर के फाइनल राउंड का हिस्सा है तथा थाईलैंड के खिलाफ थम्मासैट स्टेडियम में होने वाला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच 10 जून को हांगकांग के खिलाफ क्वालीफिकेशन मैच के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा होगा। फीफा रैंकिंग में भारत 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है। भारत और थाईलैंड 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। इनमें से भारत ने सात और थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत का अभ्यास शिविर 18 मई को कोलकाता में शुरू होगा और टीम 29 मई तक थाईलैंड के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम वहीं से हांगकांग जाएगी।



### एशियाई खेल में बरकरार रहेगा क्रिकेट : ओसीए

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद ने पुष्टि की है कि क्रिकेट 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में आयोजित होने वाले 2026 ऐची-नागोया एशियाई खेलों का हिस्सा बना रहेगा। क्रिकेट को बरकरार रखने का फैसला इस हफ्ते की शुरुआत में एशियाई ओलंपिक परिषद और आयोजन समिति के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया था। ओसीए ने कहा, 'खेल कार्यक्रम की सूची में 28 अप्रैल सोमवार को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी निदेशक मंडल की 41वीं बैठक में ताजा फैसला हुआ जिसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट दोनों को औपचारिक रूप से मंजूरी दी गई।' क्रिकेट मैच टी20 प्रारूप में ऐची प्रांत में खेले जाएंगे। हालांकि अभी स्थलों पर फैसला किया जाना बाकी है। ओसीए ने कहा, 'क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी सिर्फ दक्षिण एशिया में क्रिकेट की लोकप्रियता के कारण नहीं होगी बल्कि इसलिए भी होगी क्योंकि टी-20 प्रारूप को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाएगा।'

### प्रीमियर लीग मुंबई में खोलेगी अपना कार्यालय

**नई दिल्ली।** इंग्लिश प्रीमियर लीग ने बुधवार को स्थानीय खेल प्रेमियों को जोड़ने और भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में अपना कार्यालय खोलने की घोषणा की। प्रीमियर लीग का भारत में काम करने का लंबा इतिहास रहा है। लीग 2007 से सामुदायिक फुटबॉल कार्यबल के विकास का समर्थन करने के लिए ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में अपना 'प्रीमियर स्किल्स' कार्यक्रम चला रही है। प्रीमियर लीग 2014 से इंडियन सुपर लीग के साथ मिलकर काम कर रही है।

## अंडर-14 में हरियाणा की फुटबाल टीम ने केरल को 5-0 से हराया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई(सोनीपत)

- महाराष्ट्र के कोलापुर में स्कूल फेडरेशन गोर्वमेंट आफ इंडिया द्वारा प्रतियोगिता आयोजित
- प्रतियोगिता में जीत के बाद ट्राफी के साथ खुशी मनाती लड़कियों की टीम

हरियाणा की अंडर 14 फुटबाल में लड़कियों की टीम ने महाराष्ट्र के कोलापुर में हुई स्कूल फेडरेशन गोर्वमेंट आफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता 24 से 29 अप्रैल तक हुई। टीम के कोच मनोज सिवाच ने बताया कि खेलो में हरियाणा की लड़कियों ने अपना परचम लहराया है। शुरूआत से फाइनल तक बेहतर प्रदर्शन करते हुए लड़कियों ने 38 गोल किये। कोच मनोज सिवाच ने बताया कि क्वार्टर फाईल मैच में हरियणा की टीम ने सीबीएससी ऑल इण्डिया की टीम को 12-0 से , सेमीफाइनल में झारखंड को 2-1 और फाइनल में केरला को 5-0 से धूल चटाई और पहली बार खिताब हरियाणा की झोली में डाला। टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर निधि हिसार, रेविका, काफी प्रिया ख़ुशबू गाँव अलक्पुरा भिवानी, देविका अंबाला एयर हैरिका सिंह देशवाल ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोच मनोज सिवाच एयर सहयोगी स्टाफ के अनुशाशन और दिशा निर्देशन में ये सफलता हरियाणा टीम अपने नाम कर सकी ।

## स्वियाटेक-सबालेंका क्वार्टर फाइनल में, अलेक्जेंडर हारे

**मैड्रिड।** मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला वर्ग में बुधवार को आर्यना सबालेंका और इगा स्वियाटेक क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही लेकिन पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने पेयटन स्टर्न्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर पांच साल में चौथी बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव को 21वीं रैंकिंग वाले अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने 7-5, 6-3 से हराया। सोमवार को बड़े ब्लैकआउट के कारण 22 मैचों को स्थगित करना पड़ा था। स्वियाटेक ने सेंटर कोर्ट में वापसी की और डायना श्नाइडर को 6-0, 6-7 (3), 6-4 से हराकर स्पेन की राजधानी में अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अब उनका मुकाबला मैडिसन कीज से होगा, जिन्होंने डोना वेकिक को 6-2, 6-3 से हराया।

## खुद की टी20 लीग शुरू करेगा क्रिकेट कीनिया

**नैरोबी।** एक समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के एसोसिएट देशों में सबसे मजबूत रहे कीनिया इस खेल को अपने देश में फिर से नया जीवन देने के लिए सितंबर में अपनी फ्रेंचाइजी आधारित लीग सीकेटी20 शुरू करेगा। कीनिया की टीम को एक समय काफी मजबूत माना जाता था और उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन भी किया था, जिसमें 2003 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना भी शामिल था। लीग का पहला सत्र 25 दिन का होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिन्हें दुनिया भर से कम से कम पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने की अनुमति दी गई है। क्रिकेट कीनिया और दुबई/भारत स्थित कंपनी एओएस स्पोर्ट के बीच इस लीग के आयोजन को लेकर एक समझौता हुआ है। कीनिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कैनेडी ओबुया ने कहा, 'यह बहुत बड़ा आयोजन होगा। यह रोमांचक होगा। यह रोमांचकारी होगा। इससे कीनिया में क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी।'

## पीएसजी ने सेमीफाइनल का पहला चरण 1-0 से जीता

एजेंसी ▶▶| लंदन

पेरिस सेंट-जर्मेन ने ओस्मान डेम्बेले के गोल की मदद से चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में आर्सेनल को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। पीएसजी ने इससे पहले चैंपियंस लीग के नॉकआउट चरण में इंग्लैंड की दो टीमों प्रीमियर लीग के चैंपियन लिवरपूल और एस्टन विला को हराया था। आर्सेनल के खिलाफ सेमीफाइनल का दूसरा चरण उसे अपने घरेलू मैदान पर खेलना है और ऐसे में यह बढ़त उसके लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

डेम्बेले ने खेल के चौथे मिनट में ही गोल करके स्थानीय दर्शकों को निराश कर दिया था। पीएसजी खेल के आखिर तक अपनी इस बढ़त को बरकरार रखने में कामयाब रहा।



पीएसजी के मिडफील्डर वितिन्हा ने मैच के बाद कहा, 'यह बेहद रोमांचक मैच थाा। हम और अधिक स्कोर कर सकते थे लेकिन हम 1-0 की बढ़त लेकर खुश हैं। हम फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' चैंपियंस लीग का दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

## सुपरबेट रैपिड : दूसरे स्थान पर प्रज्ञानानंद

**वारसॉ।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने खराब शुरुआत से वापसी करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में ब्लिट्ज वर्ग के पहले हाफ के आखिर में ओवरऑल तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञानानंद के प्रयासों ने उन्हें लगातार दूसरे दिन अच्छी स्थिति में रखा। इस भारतीय खिलाड़ी ने रैपिड शतरंज के पहले दो दिनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन विशेष रूप से ब्लिट्ज वर्ग में अपनी विशेषज्ञता दिखाते हुए जोरदार वापसी की। उन्होंने रोमानिया के डेक बोगडान डैनियल और अमेरिका के लेवोन एरोनियन से हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन फिर फ्रांस के फ़िरोज़ा अलीरेज़ा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को हराकर वापसी की।



## महिला हॉकी टीम की तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला आज से

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन उतारेगी और रक्षण से जुड़ी कुछ कमजोरियों को ठीक करने की कोशिश करेगी।

यह श्रृंखला जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह इसके लिए अपने कोर ग्रुप की पहचान करने की उम्मीद कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए टीम से लगातार दो हार के साथ दौरे की शुरुआत करने के बाद भारत दमदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने के लिए बेताब होगा।



हरेंद्र सिंह ने कहा, 'पहले दो मैच में अधिकतर खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला है और अब हम खिलाड़ियों के बीच सर्वश्रेष्ठ संयोजन आजमाएंगे। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं क्योंकि इसी तरह हम उन खिलाड़ियों की पहचान करेंगे जो यूरोप में आगामी प्रो लीग मैचों में खेल सकते हैं।

अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले नई खिलाड़ियों को कम से कम 35 मैच खेलने चाहिए। ऐसे टूर्नामेंटों की तैयारी करते समय हम यही लक्ष्य ध्यान में रखते हैं।' ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत शुरुआती मैच में 3-5 से और दूसरे मैच में 2-3 से हार गया था। इन नतीजों के बावजूद हरेंद्र टीम के प्रयासों से खुश दिखे।

### दोनों मैचों में खाए आसान गोल

कोच ने कहा, 'दोनों मैचों में हमने कुछ आसान गोल खाए हैं जो निराशाजनक थे, लेकिन इसके अलावा हमने कड़ी चुनौती पेश की। यह टेस्ट श्रृंखला है और इसमें जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करना होता है। हमारी टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो पहली बार विदेश दौरे पर आए हैं। मैं युवा खिलाड़ियों को मौका दे रहा हूं ताकि वह भविष्य के लिए तैयार रहें।' सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम को अब गुरुवार, शनिवार और रविवार को अगले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

टैरिफ वार के बीच यूएस से अच्छे संकेत

# ट्रंप बोले- भारत के साथ व्यापार वार्ता बहुत अच्छी तरह चल रही

एजेंसी:वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ व्यापार वार्ता बहुत अच्छी चल रही है और जल्द ही दोनों देशों के बीच एक बड़ा व्यापार समझौता हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर जो 26% टैरिफ लगाया था, उस पर फिलहाल 90 दिनों की रोक लगाई गई है ताकि बातचीत का रास्ता खुला रहे। ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है हम भारत के साथ समझौता कर लेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी यहां कुछ हफ्ते पहले आए थे और वे भी इस दिशा में इच्छुक हैं।

अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि समझौता तैयार हो चुका है और अब सिर्फ भारत की मंजूरी का इंतजार है। वहीं इस मामले में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता लगभग पूरा होने वाला है। भारत के साथ बातचीत अच्छी चल रही है और अन्य देशों की तुलना में भारत से समझौता करना आसान है क्योंकि यहां टैरिफ (शुल्क) साफ-साफ और स्पष्ट हैं।



### भारत ने भी प्रक्रिया को 'सकारात्मक प्रगति' बताया

*इस समझौते के तहत दोनों देशों का लक्ष्य- नई नौकरियों का सृजन, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाना और श्रमिकों की समृद्धि सुनिश्चित करना है। भारत सरकार ने भी इस प्रक्रिया को 'सकारात्मक प्रगति' बताया है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों ने 23 से 25 अप्रैल के बीच वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इससे पहले मार्च 2025 में भी नई दिल्ली में भी द्विपक्षीय चर्चा हुई थी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस पिछले हफ्ते भारत दौरे पर थे और उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों देशों के बीच 'द्विपक्षीय व्यापार समझौता' पर अच्छी प्रगति हुई।*

### प्रस्तावित समझौते की खासियत

ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भारत अमेरिका को फॉरवर्ड मोस्ट फेवर्ड नेशन क्लॉज की पेशकश कर सकता है, जिससे अमेरिका को हमेशा सबसे अनुकूल टैरिफ शर्तें मिलेंगी। यह क्लॉज भारत ने अब तक बहुत कम देशों को दिया है। इसमें भारत ने कृषि क्षेत्र में कई रियायतें देने की बात कही है, जैसे मांस, मछली, फल और जूस जैसे उत्पादों पर शुल्क 30-100% से घटाकर 5% करना। जानकारों की माने तो भारत लगभग 12,000 टैरिफ लाइनों में से 90% पर तुरंत रियायत देने को तैयार है। बाकी पर रियायतें धीरे-धीरे दी जाएंगी। इसके बदले भारत अमेरिका से कपड़ा, खिलौने, चमड़े के उत्पाद, गहने और ऑटो पार्ट्स जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए बेहतर टैरिफ शर्तें मांग रहा है। टैरिफ नीति को लेकर दोनों देशों के बीच 24 व्यापार क्षेत्रों में से 19 पर बातचीत तेजी से हो रही है, बाकी 5 क्षेत्रों जैसे मक्का, सोयाबीन और सैन्य उपकरण पर चर्चा का अगला चरण होगा।

### विदेशी छात्रों की कानूनी मान्यता खत्म करेगा ट्रंप प्रशासन

ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों की कानूनी मान्यता को समाप्त करने का ऐलान किया है। कानूनी मान्यता रद्द करने के विरोध में अदालत पहुंचे छात्र अक्षर पटेल के मामले में अदालत में सरकार ने अपनी नई नीति की जानकारी दी। अक्षर पटेल टेक्सास में सूचना प्रणाली का अध्ययन करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं। निर्वासन बचने के लिए उन्होंने प्रारंभिक अदालती फैसले की मांग की थी। कोर्ट में अधिकारियों ने कहा कि सरकार नई नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कानूनी स्थिति को बहाल कर रही है। नीति में छात्रों की कानूनी स्थिति को रद्द करने के कई कारण बताए गए हैं। इसमें उनके वीजा को रद्द करना भी शामिल है। होमलैंड सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने छात्र वीजा धारकों के नामों की जांच राष्ट्रीय अपराध सूचना केंद्र से की है। यह एफबीआई का डाटाबेस है जिसमें अपराधों से संबंधित तमाम जानकारी हैं। इसमें संदिग्धों, लापता व्यक्तियों और गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम शामिल हैं, भले ही उन पर कभी कोई अपराध का आरोप न लगाया गया हो या उन पर से आरोप हटा दिए गए हों। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के आंद्रे वॉटसन ने कहा कि पटेल वैध रूप से अमेरिका में मौजूद हैं। उन्हें तत्काल हिरासत में लेने या हटाने की आवश्यकता नहीं है।

#### जज ने कहा- किसी ने भी रिकॉर्ड की समीक्षा नहीं की

*कोर्ट में सुनवाई के दौरान अमेरिकी जिला न्यायाधीश एना रेयेस ने कहा कि डाटाबेस सर्च में कुल मिलाकर लगभग 6,400 छात्रों की पहचान की गई। इसमें एक स्प्रेडशीट में 734 छात्रों के नाम हैं। यह स्प्रेडशीट होमलैंड सिक्योरिटी अधिकारियों को भेजी गई थी। इस पर होमलैंड सिक्योरिटी अधिकारियों ने छात्रों का कानूनी दर्जा समाप्त करने के निर्देश दिए। जज रेयेस ने कहा कि किसी ने भी व्यक्तिगत रूप से रिकॉर्ड की समीक्षा नहीं की है ताकि पता लगाया जा सके कि छात्रों के नाम एनसीआईसी में क्यों आए? अगर कोई सचेत होता तो यह सब टाला जा सकता था। सरकार ने इस देश में आने वाले व्यक्तियों के प्रति चिंता की कमी दिखाई है। रेयेस ने प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी करने से इनकार कर दिया तथा दोनों पक्षों के वकीलों से कहा कि वे समझौता कर लें, ताकि अक्षर पटेल अमेरिका में रह सकें।*

## खबर संक्षेप

### खुदकुशी से पहले पति ने पत्नी और बच्चे को मारा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वॉशिंगटन के न्यूकैसल में बीते 24 अप्रैल को एक भारतीय टेक उद्यमी ने अपनी पत्नी और बच्चे को गोलीमार कर खुद आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान हर्षवर्धन एस किक्केरी (57), उनकी पत्नी श्वेता पन्याम (44) और उनके 14 वर्षीय बेटे के रूप में हुई है। दंपति का एक बेटा बच गया, क्योंकि वह घटना के समय घर पर नहीं था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हर्षवर्धन मैसूर में मुख्यालय वाली रोबोटिक्स कंपनी होलोवर्ल्ड के संस्थापक और सीईओ थे।



### गिरफ्तारी को गैरकानूनी बता कोर्ट पहुंचा चोकसी

**ब्रसेल्स।** पीएनबी घोटाले में मुख्यारोपी व भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी ने जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अब उसकी गिरफ्तारी को बेल्जियम की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी है। उसका दावा है कि अधिकारियों ने उसकी गिरफ्तारी में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के साथ उसके मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन किया। अदालत ने मेहुल की याचिका पर सुनवाई फिलहाल टाल दी है। मेहुल ने वकील विजय अग्रवाल की तैयार नई याचिका को बेल्जियम के वकीलों की टीम के जरिये अदालत में पेश किया।



## पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की कार्रवाई से खौफ में पाकिस्तान

पाक बोला- भारत एकतरफा सिंधु जल संधि को निलंबित नहीं कर सकता

# सिंधु का जल नहीं मिलने पर 24 करोड़ लोगों के जीवन को 'दांव' पर लगाया

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। हमले के जवाब में भारत ने कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। जिससे पाकिस्तान में खौफ का माहौल है। पाकिस्तान में इस बात को लेकर डर है कि भारत सैन्य अभियान भी चला सकता है। आंतकियों के पनाहगार देश पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों और सेना के दबाव में भारत की ओर से सिंधु का जल नहीं मिलने पर 24 करोड़ लोगों के जीवन को दांव पर लगा दिया है।

अपनी करतूत को छुपाने के लिए पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में ऐसा ही बयान दिया है, जो उनकी बौखलाहट को साफ दिखाता है। सीनेट सत्र को संबोधित करते हुए डार ने कहा कि हो सकता है कि भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को खत्म करने के लिए पहलगाम नाटक किया है।

उन्होंने कहा कि भारत एकतरफा आईडब्ल्यूटी को निलंबित नहीं कर सकता है। अगर भारत पानी में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है, तो हम इसे युद्ध की कार्रवाई मानेंगे क्योंकि यह 24 करोड़ लोगों के जीवन का मामला है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पहलगाम की घटना में पाकिस्तान की कोई संलिप्तता नहीं थी।

> *पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि भारत एकतरफा आईडब्ल्यूटी को निलंबित नहीं कर सकता है। अगर भारत पानी में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है, तो हम इसे युद्ध की कार्रवाई मानेंगे क्योंकि यह 24 करोड़ लोगों के जीवन का मामला है।*

पहलगाम की घटना में हमारा हाथ नहीं, स्वतंत्र आयोग से जांच के लिए तैयार



### भारत हमला करने वाला है: तरार

पाकिस्तान के संघीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पाकिस्तान के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है कि भारत पहलगाम घटना में संलिप्तता के निराधार और मनगढ़ंत आरोपों के बहाने अगले 24-36 घंटों में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने का इरादा बना लिया है। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में कहीं भी इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में इसकी हमेशा निंदा की है। एक जिम्मेदार देश होने के नाते, पाकिस्तान ने विशेषज्ञों के एक तटस्थ आयोग द्वारा एक विश्वसनीय, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की पेशकश की, जिसका दिल से स्वागत किया गया।



### बेशर्म पाकिस्तान! अब कबूला

### टीआरएफ को हमने बचाया यूएनएससी से हटवाया नाम

*इशाक डार ने पाकिस्तानी संसद में इस बात को बेशर्मी के साथ कुबूल किया है कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव से पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार आतंकी संगठन टीआरएफ का नाम हटवाया था। संसद में बोलते हुए इशाक डार ने कहा कि यूएनएससी की ओर से पहलगाम में हुए आतंकी हमले से जुड़ा एक निंदा प्रस्ताव आया था और उसमे सिर्फ पहलगाम का जिक्र था, जम्मू-कश्मीर का नहीं। इस पर पाकिस्तान की ओर से आपत्ति जताई गई। बता दें, टीआरएफ, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा एक आतंकी संगठन है जिसने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं, वॉशिंगटन में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमेरिका 'कश्मीर की स्थिति के बारे में' भारत और पाकिस्तान दोनों से संपर्क कर रहा है और उनसे तनाव नहीं बढ़ाने का अनुरोध कर रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो जल्द ही पाकिस्तान और भारत के विदेश मंत्रियों से बात करेंगे।*

#### पीआईए ने कई उड़ानें रद्द कीं

*पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) ने सुरक्षा कारणों से बुधवार को गिलगित, स्कार्दू सहित पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के अन्य उत्तरी क्षेत्रों से आने-जाने वाली सभी वाणिज्यिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। पाक ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी तेज कर दी है। पाक अधिकारियों ने सभी हवाई अड्डों को उच्च निगरानी पर रखा है और सुरक्षा और निगरानी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जा रहा है।*

### यूएन के समक्ष गिड़गिड़ाए पीएम शरीफ



पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्वभर के देशों से मिल रहे लगातार समर्थन से पाकिस्तान अंदर से डरा हुआ है। इस डर और घबराहट के बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के समक्ष गुहार लगाई है। पीएम शरीफ ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। मैंने आतंकवाद के सभी रूपों की पाकिस्तान की निंदा की पुष्टि की, निराधार भारतीय आरोपों को खारिज किया।

मार्क कार्नी बने रहेंगे कनाडा के पीएम

## 65 में से 22 भारतवंशी संसद पहुंचे, अब तक की बड़ी संख्या

एजेंसी ▶▶ ओटावा

पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने कनाडा में हुए संघीय चुनाव में जबर्दस्त जीत हासिल की है। लिबरल पार्टी ने संसद में सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीटें हासिल कर ली है। इस चुनाव में पंजाबियों ने बड़ी संख्या में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। इस बार 22 पंजाबी उम्मीदवार कनाडा की संसद में पहुंचे हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। इस बार रिकॉर्ड 65 पंजाबी उम्मीदवार मैदान में थे। मात्र डेढ़ माह के शासन में पीएम मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों के खिलाफ देश में राष्ट्रवाद की अलख जगाई और अपनी लिबरल पार्टी को चुनाव जिता दिया।



इससे पहले पार्टी नेता जस्टिन ट्रूडो के विरुद्ध जनमानस ने पार्टी को हराने के संकेत जनमत संग्रह में दिए थे। लिबरल लगातार चौथी बार जीते हैं। विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे डेढ़ माह पहले तक जनमत संग्रह में आगे थे, लेकिन चुनाव नतीजों के बाद उन्होंने हार स्वीकार ली है। वह अपनी ही सीट नहीं बचा पाए।

### सुख धालीवाल छठी बार सांसद बने

बीसी से सुख धालीवाल लगातार छठी बार सांसद बने हैं। ब्रैम्पटन सेंटर से लिबरल उम्मीदवार अमनदीप सोही ने तरण चहल को हराया। लिबरल उम्मीदवार मनिंदर सिद्धू ने ब्रैम्पटन ईस्ट से कंजर्वेटिव उम्मीदवार बॉब दोसांझ को हराया। लिबरल रूबी सहोता ने ब्रैम्पटन नॉर्थ से कंजर्वेटिव अमनदीप जज को हराया। कंजर्वेटिव उम्मीदवार सुखदीप कंग ने ब्रैम्पटन साउथ से लिबरल उम्मीदवार सोनिया सिद्धू को हराया। कंजर्वेटिव उम्मीदवार अमरजीत गिल ने ब्रैम्पटन वेस्ट से मौजूदा मंत्री कमल खेड़ा को हराया। लिबरल पार्टी के रणदीप सराय सरे से चौथी बार संसद बने हैं। सुख धालीवाल छठी बार सांसद बने।



### लिबरल्स को 169 सीटें मिलीं

कनाडा आम चुनाव में मतदान के बाद मतगणना एजेंसी इलेक्शन कनाडा ने सभी मतपत्रों की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसमें मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी बहुमत से केवल तीन सीटें पीछे रह गई है। अब उन्हें कानून पारित करने के लिए किसी अन्य छोटी पार्टी से मदद लेनी होगी। अभी यह तय नहीं है कि लिबरल पार्टी पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो को समर्थन देने वाली एनडीपी से समर्थन लेगी या फिर फ्रेंच भाषी क्यूबेक की अलगाववादी पार्टी का साथ लेगी। संसद की 343 सीटों में से लिबरल्स को 169 सीटें, विपक्षी कंजर्वेटिव्स को 144 सीटें जीतने का अनुमान था। जबकि अलगाववादी ब्लॉक क्यूबेकॉइस पार्टी को 22 सीटें, प्रगतिशील न्यू डेमोक्रेट्स को 7 और ग्रीन्स को एक सीट मिलने की उम्मीद थी।

## पहलगाम नरसंहार पर दबाव बढ़ा तो पाक सेना प्रमुख मुनीर के गायब होने की खबर वायरल, सोशल मीडिया पर यूजर्स ले रहे हैं चुटकी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच सोशल मीडिया, विशेष रूप से एक्स पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर के गायब होने की अफवाहें तेजी से फैलीं। इन अफवाहों में दावा किया गया कि जनरल मुनीर या तो देश छोड़कर भाग गए, रावलपिंडी में किसी बंकर में छिपे हैं या उनकी स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस खबर को लेकर लगातार 'मुनीर आउट, मुनीर मिया, आसीम मुनीर' के हैशटैग जबरदस्त वायरल हो रहे हैं। दबाव इतना बढ़ा, इतने तरह के सवालात हवा में तैरने लगे कि पाकिस्तान सरकार को सफाई पेश करनी पड़ी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ खड़े एक कार्यक्रम का फोटो एक्स पर शेयर किया गया, लेकिन विश्व भर के एक्स यूजर्स ने फोटो को एआई जेनरेटेड बताकर खारिज कर दिया। कुछ यूजर्स ने दावा किया कि जनरल मुनीर देश छोड़कर भाग गए या रावलपिंडी में बने बंकर में छिपे हैं। एक यूजर ने यह भी दावा किया कि उनका परिवार विदेश भाग गया और दो-चार दिन में आत्महत्या या दिल का दौरा पड़ने की खबर आ सकती है। कुछ पोस्ट में उनकी अनुपस्थिति को भारत द्वारा संभावित सैन्य कार्रवाई के डर से जोड़ा गया। आईएसपपीआर के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल फैसल महमूद मलिक का एक कथित पत्र भी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया गया कि पाकिस्तानी सेना में 4 हजार 500 सैनिकों और 250 अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि उन्हें भारत के साथ युद्ध का डर है और युद्ध के लिए पर्याप्त साजो सामान की अनुपलब्ता है। इस पत्र की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। पाकिस्तान सरकार की आधिकारिक प्रतिक्रिया में ऐसी वायरल खबरों को महज अफवाह बताकर खारिज किया।



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें जनरल मुनीर को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ दिखाया गया। इस तस्वीर को जनरल मुनीर के सक्रिय और ड्यूटी पर होने का सबूत माना गया। हालांकि, कुछ एक्स यूजर्स ने तस्वीर की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए, इसे एआई-जनरेटेड बताया तो कुछ ने पुरानी तस्वीर बताकर तारीख के उल्लेख को संदिग्ध माना।

इधर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने बताया कि उनके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है कि भारत अगले 24-36 घंटों में सैन्य कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने किसी भी कार्रवाई का निर्णायक जवाब देने की बात कही, लेकिन जनरल मुनीर की अनुपस्थिति पर कोई टिप्पणी नहीं की। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान से तनाव कम करने और संयम बरतने की अपील की। अमेरिका और अन्य देशों ने भी दोनों देशों से संवाद की वकालत की।

## पहलगाम हमले के बीच पीएम ने रद्द किया रूस का दौरा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे मास्को में आयोजित किए जाने वाले विक्ट्री दिवस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना रूस का आगामी दौरा रद्द कर दिया है। अब उनकी जगह पर 9 मई 2025 को मास्को के रेड स्क्वॉयर पर आयोजित किए जाने वाले विक्ट्री दिवस परेड समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह समारोह हर साल द्वितीय विश्व युद्ध में तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) की सेनाओं द्वारा जर्मनी की नाजी सेनाओं पर निर्णायक जीत की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी 80 वीं वर्षगांठ है, जिसे लेकर रूस अपनी राजधानी मास्को में एक भव्य सैन्य परेड निकालेगा और उसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और उनका भाषण भी होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पीएम मोदी के रूस के दौरे के रद्द होने की पुष्टि की है। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के दौर में विक्ट्री दिवस परेड समारोह का आयोजन किया जा रहा है। रूस इसके जरिए अपनी प्रचंड सैन्य ताकत का पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शन करके खुद को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में प्रदर्शित करना चाहता है। भारत इस युद्ध का बातचीत और कूटनीति के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में है।



### पुतिन ने मोदी को दिया था निमंत्रण

रूस की तरफ से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने विक्ट्री दिवस समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था। पेसकोव ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति ने मित्र देशों के राष्ट्राध्यक्षों को विक्ट्री दिवस के महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया था। लेकिन भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परेड समारोह का हिस्सा नहीं बनेंगे। जबकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग रूस के समारोह में शामिल होंगे। उनकी ओर से इस बाबत पुष्टि भी कर दी गई है। मास्को द्वारा दुनिया के कुल करीब 20 शीर्ष नेताओं की विक्ट्री दिवस समारोह में मेजबानी करने की तैयारी की जा रही है।

### 2024 में दो बार हुई पीएम की रूस यात्रा

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। इसमें एक बार राष्ट्रपति पुतिन के साथ हुए भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए वह मास्को गए थे। जबकि दूसरी बार रूस के कजान शहर में आयोजित किए गए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर भी दोनों शीर्ष नेताओं की मुलाकात हुई थी। उधर, मौजूदा वर्ष 2025 के अंत में रूस के राष्ट्रपति वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा कर सकते हैं।

ब्रिटेन में बोले मंत्री पीयूष गोयल

## द्विपक्षीय व्यापारिक साझेदारी में ठोस नतीजों की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ लंदन

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को लंदन के लैंकेस्टर हाउस में आयोजित संयुक्त व्यापारिक स्वागत समारोह में भाग लेकर ब्रिटेन की अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी की। इस कार्यक्रम में गोयल के साथ ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के अलावा दोनों देशों के वरिष्ठ व्यापारिक नेता भी शामिल हुए। पीयूष गोयल ने कहा कि वे भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक साझेदारी में 'ठोस नतीजों' की उम्मीद कर रहे हैं। इसके बाद डाउनिंग स्ट्रीट में मंत्री गोयल की ब्रिटेन के व्यापार मंत्री रेनॉल्ड्स और चांसलर रेचेल रीव्स के साथ बंद कमरे में बैठकें हुईं। इस दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुख्य रूप से चर्चा की गई।



देरी से पहुंचे लोगों को नहीं मिली बॉर्डर पार जाने की अनुमति

786 पाकिस्तानी नागरिक लौटे

## भारत-पाक अटारी बॉर्डर पूरी तरह से बंद

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की तरफ से लिए गए फैसले के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच बना अटारी बॉर्डर पूरी तरह से बंद हो गया है। मंगलवार (29 अप्रैल) शाम 5 बजे के बाद कोई पाकिस्तानी नागरिक इस बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान नहीं गया और अगले आदेश तक न जा सकेगा। भारत से कुल कितने पाकिस्तानी अटारी के रास्ते वापस रवाना हुए हैं, इसका आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। लेकिन जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल से 29 तक लगभग 786 पाकिस्तानी वापस गए हैं।

### 23 अप्रैल को वीजा समाप्ति की घोषणा की थी पहले 27 अप्रैल और फिर 29 अप्रैल तक दी छूट



#### पाक लौटने वाले पाक नागरिकों का विवरण

- 24 अप्रैल: 28
- 25 अप्रैल: 191
- 26 अप्रैल: 81
- 27 अप्रैल: 237
- 28 अप्रैल: 145
- 29 अप्रैल: 104

#### दो बार सरकार ने दी छूट

24 अप्रैल को सरकार ने 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश दे दिया था। इसके बाद यह सुविधा 27 अप्रैल तक बढ़ाई थी जिसके बाद भारत सरकार ने इसमें दूसरी बार बदलाव करते हुए 29 अप्रैल तक की छूट पाक नागरिकों को दी।

#### भारत में रुकने वालों के खिलाफ कार्रवाई

केंद्र ने कहा है कि जो पाकिस्तानी तय समयसीमा में भारत नहीं छोड़ता है, तो उसे गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। ऐसे नागरिकों को 3 साल जेल या 3 लाख जुर्माना या फिर दोनों का सामना करना पड़ सकता है। 4 अप्रैल 2025 से लागू 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025' के मुताबिक वीजा की शर्तों का उल्लंघन या तय अवधि से ज्यादा भारत में रुकने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भारत सरकार ने पहले लांग टर्म वीजा वाले हिंदुओं को देश में रुकने की इजाजत दी थी। बाद में सभी लांग टर्म वीजा धारकों को इसका लाभ दिया गया। लेकिन जो पाकिस्तान अपने रिश्तेदारों को मिलने गए थे, उन्हें वापस आने की अनुमति नहीं थी। भारत सरकार ने एलटीवी और नो ऑबलिगेशन टू रिटर्न टू इंडिया (नोरी) सर्टिफिकेट धारकों को भारत में प्रवेश की अनुमति दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109